


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 167 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 20 मार्च 2026 डाक 21 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
कोलकाता में, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी अपने चुनाव प्रचार के दौरान।



**देश-विदेश**
पश्चिम एशिया संकटः पीएम मोदी ने कतर के अमीर से की बात, ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों की कड़ी निंदा की



**फीचर पेज**
द केरल स्टोरी 2' फेम उल्का गुप्ता का स्मिता पाटिल से खास रिश्ता, साझा किया 16 साल पुराना एयरपोर्ट का किस्सा



# गैस फील्ड पर हमले को लेकर ट्रंप-नेतन्याहू में दरार

## मैनें ऐसा करने के लिए नहीं कहा था : यूएस राष्ट्रपति



**इजरायल, 20 मार्च [एजेंसी]।**

मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। हाल ही में इजरायल ने ईरान के महत्वपूर्ण साउथ पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। जिसके बाद से ईरान इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में ऊर्जा संयत्रों पर हमले कर रहा है। इसका खामियाजा भारत, चीन समेत दुनिया के कई देशों को भुगतना पड़ सकता है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बड़ा मतभेद खुलकर सामने आए हैं। ईरान के साउथ पार्स गैस पर हुए हमले को लेकर ट्रंप ने कहा कि मैनें इजरायल से ऐसा न करने के लिए कहा था। दरअसल, ईरान के साउथ पार्स गैस पर इजरायल द्वारा किए हमले के बाद ईरान भी खाड़ी देशों के ईधन वाले जगहों को निशाना बना रहा है। इसको लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह ईरान की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा संपत्ति मानी जाने वाली जगह पर इजरायल के हमले का समर्थन नहीं करते हैं। ट्रंप ने कहा कि मैनें इजरायल से ऐसा न करने के लिए कहा था। इजरायल द्वारा गैस क्षेत्र पर किए गए हमले ने ईरान के जवाबी हमलों को जन्म दिया है। जिसके कारण वैश्विक ऊर्जा की कीमतें और अधिक बढ़ गईं हैं। ईरान की जवाबी कार्रवाई को रोकने के लिए खाड़ी देशों ने ट्रंप ने नेतन्याहू पर लगाम लगाने का आग्रह किया। ओवल ऑफिस में जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ हुई बैठक के दौरान नेतन्याहू के फैसले के बारे में कहा, मैंने उनसे कहा, ऐसा मत करो। हमारा तालमेल बहुत अच्छा है। सब कुछ समन्वित है, लेकिन कभी-कभी वह कुछ ऐसा कर देते हैं जो मुझे पसंद नहीं आता। और अगर मुझे वह पसंद नहीं आता, तो हम अब ऐसा नहीं करते। हालांकि, इजरायली पीएम नेतन्याहू ने ट्रंप के साथ चल रहे मतभेद वाली बात को नकार दिया और कहा कि इजरायल ने ईरान के गैस क्षेत्र पर आगे के हमलों से बचने के लिए ट्रंप के अनुरोध को मान लिया है।

### इटावा में बेकाबू कार का कहर

## 120 किमी की रफ्तार से 3 लोगों को रौंदते हुए दुकान में घुसी, एक की मौत

**इटावा 20 मार्च।** शहर के विजय नगर रोड पर सुबह 100 से अधिक की स्पीड से दौड़ रही सफारी कार अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार बिजली के खंभे में जा घुसी। हादसे में कार की चपेट में आए एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जबकि कार में बैठी एक युवती समेत दो लोग भाग गए। हिंट एंड रन का सीसीटीवी भी सामने आया है जिसमें हादसे का खौफनाक दृश्य साफ तौर पर नजर आ रहा है। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए। सुबह सात बजे भरथना चौराहा की ओर से आ रही 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार में दौड़ रही काले रंग की सफारी कार अचानक अनियंत्रित हो गई।

## रुपया इतिहास में पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93 के पार



**नई दिल्ली 20 मार्च।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.08 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी डॉलर में मजबूती एवं विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक शुरुआत ने मुद्रा में और अधिक गिरावट को कुछ हद तक रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। हालांकि जल्द ही और गिरावट के साथ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया तथा 93.08 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे कम है। रुपया बुधवार को 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार गुड़ी पड़वा के मौके पर बृहस्पतिवार को बंद थे।




### आधिकारिक तारीख घोषित, सऊदी अरब में 20 और भारत में 21 मार्च को होगी ईद

**नईदिल्ली 20 मार्च।** ईद उल फितर इस्लाम धर्म का बहुत ही पवित्र और खुशियों वाला त्योहार है, जो रमजान के पूरे महीने रोजे रखने के बाद मनाया जाता है। यह त्योहार नए चांद (शव्वाल महीने की शुरुआत) के दिखने पर मनाया जाता है। इस्लाम जानकारों के मुताबिक, वैसे तो ईद 20 मार्च को मनाई जानी चाहिए थी। लेकिन, 19 मार्च को शव्वाल का चांद ना दिखने के कारण अब 21 मार्च, शनिवार को भारत में ईद का त्योहार मनाया जाएगा। वहीं, सऊदी अरब में 20 मार्च को ईद मनाई जा रही है।

# उत्तराखंड मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, मिले पांच नए मंत्री, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**देहरादून, 20 मार्च [एजेंसी]।**

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्रियों की एंट्री हो गई है। लोक भवन में शुक्रवार सुबह 10.00 बजे नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने विधायक मदन कौशिक, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा और खजान दास को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण के बाद धामी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की कुल संख्या बढ़कर 12 हो गई है।



उत्तराखंड में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह मंत्रिमंडल विस्तार काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार ने इस विस्तार के जरिए क्षेत्रीय, जातीय और महिला-युवा संतुलन साधने की कोशिश की है।

साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से मंत्रिमंडल के कई पद खाली थे। समय-समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं उठती रही हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल के चार साल पूरे होने से ठीक तीन दिन पहले यह विस्तार किया गया है।

# पप्पू यादव के चखना-चटनी बयान पर भड़कीं कंगना रनौत, महिला-विरोधी सोच को चुनौती देने की कही बात



**मुंबई 20 मार्च।** मंडी सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जो टिप्पणी की थी, उस पर पप्पू यादव अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। पप्पू यादव ने प्रतिक्रिया में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उस पर बॉलीवुड क्वीन ने कड़ी आपत्ति जताई है। पप्पू यादव ने हाल ही में कहा था कि कंगना चखना और चटनी हैं, इन लोगों को इग्नोर करिए। अब कंगना ने पप्पू यादव के इस बयान का विरोध करते हुए इसे महिला-विरोधी सोच बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया है। कंगना ने अपनी इंस्टा-स्टोरी पर पप्पू यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बॉलीवुड में लड़कियों को सिर्फ आइटम नंबर तक सीमित कर दिया जाता था, लेकिन अब महिलाओं के खिलाफ इतनी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने लिखा, उन्होंने मुझे चखना (शराब के साथ लिए जाने वाले स्नेक्स) या चटनी कहा।

सिर्फ इसलिए कि मैंने कहा कि राहुल गांधी पलकें झपकाते हैं, लोगों को जबरदस्ती गले लगाते हैं, कुश्ती की क्लास है या महिलाओं को चिढ़ाने वाली बातें, यह सब महिलाओं के लिए असहज है। उन्होंने आगे लिखा, विपक्ष ने मेरे खिलाफ अपमानजनक और गंदी गालियों की बौछार कर दी है। मैं एक फिल्म निर्माता, लेखिका और अभिनेत्री हूं। विपक्ष ने मुझे मनोरोगी या चखना/चटनी तक सीमित कर दिया है। जब मैंने फिल्मों में कदम रखा था, तब महिलाएं सिर्फ आइटम सॉन्ग करती थीं, लेकिन यहां मुझे चखना और चटनी कहा जाता है। अब समय आ गया है कि इस महिला-विरोधी सोच को चुनौती दी जाए।

# आतंकवाद का केंद्र पाक जब तक अपने में सुधार नहीं लाता सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

**संयुक्त राष्ट्र , 20 मार्च [एजेंसी]।**



भारत ने दोहराया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक आतंक का वैश्विक केंद्र पाकिस्तान अपने तरीकों में सुधार नहीं करता। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने गुरुवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला राज्य रहा है लेकिन जिम्मेदारी दोतरफ़ा रास्ता है। पाकिस्तान को अपनी राज्य नीति के उपकरण के रूप में आतंकवाद का उपयोग करना पूरी तरह से छोड़ना होगा। हरीश का यह बयान उस समय आया जब पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि को ऐसा प्रस्तुत किया मानो वह हताहत पक्ष हो, जबकि कार्यक्रम का विषय था सुरक्षित जल और स्वच्छता तक सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से जुड़ा है।

हरिश ने कहा, भारत ने इस संधि पर 1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना में हस्ताक्षर किए लेकिन पाकिस्तान ने इस भावना का उल्लंघन करते हुए भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले किए। उन्होंने कहा, दसियों हजार निर्दोष भारतीय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी हमलों के शिकार बने। पिछले साल द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में धर्म आधारित आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया।

### प्रियदर्शिनी मट्टू हत्याकांड पर दिल्ली हाई कोर्ट का सख्त रुख, दोषी संतोष सिंह को सरेंडर का आदेश



**नई दिल्ली।** प्रियदर्शीनी मट्टू कि हत्या के मामले में दोषी संतोष कुमार सिंह को दिल्ली हाई कोर्ट ने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। अदालत ने उक्त आदेश मट्टू के बड़े भाई द्वारा समय पूर्व रिहाई की मांग को लेकर एक दोषी कि याचिका का विरोध करने पर दिया। 1996 में मट्टू की दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपितों को ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया था। हालांकि, 2006 में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के निर्णय को पलटते हुए आरोपितों को दोषी करार दिया था। वर्ष 1996 की जनवरी में संतोष कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ दुष्कर्म कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी।

# श्रद्धालुओं की बोलेरो पेड़ से टकराई, दंपती समेत पांच लोगों की मौत

**आगरा।** कैला देवी से दर्शन कर लौट रहे इटावा के श्रद्धालुओं की बोलेरो गुरुवार रात चित्राहट के गांव पई के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मृत्यु हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वालों में दंपती, बेटी, पिता व चालक शामिल हैं। घायलों को सैफई मेडिकल कालेज के हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। इटावा निवासी एक ही परिवार के आठ लोग बुधवार को बोलेरो कार से कैला देवी के दर्शन करने के लिए राजस्थान गए थे। वापस लौटते समय गुरुवार रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार बोलेरो कार चित्राहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पई गांव के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। तेज धमाके की आवाज व घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास रहने वाले ग्रामीण दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना देने के साथ ही कार के शीशे तोड़कर ग्रामीणों ने अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को स्थानीय सीएचसी पर भेजा। यहां डाक्टर ने 35 वर्षीय देवेंद्र, उनकी तीन वर्षीय बेटी आराध्या, 30 वर्षीय पत्नी सीमा देवी, 70 वर्षीय पिता कांता प्रसाद व गाड़ी चला रहे 20 वर्षीय ऋषि को मृत घोषित कर दिया। हादसे में देवेंद्र का बेटा आदित्य, ऋषभ उनकी पत्नी रश्मि, अवनीश घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कालेज स्थित हास्पिटल के लिए रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि कार के दरवाजे फंस गए। शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया। इंस्पेक्टर चित्राहट सीमा ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या चालक को झपकी के कारण हादसा हुआ है।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

### तीन वाहनों की टक्कर के बाद ईको वैन में लगी आग, युवती जिंदा जली

**समालखा (पानीपत)।** जीटी रोड पर समालखा के पास गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जहां तीन वाहनों की टक्कर के बाद आग लगने से एक



युवती जिंदा जल गई व महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसा दिल्ली लेन पर उत्सव गार्डन के सामने करीब साढ़े नौ बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कुरुक्षेत्र निवासी सुनील एमजी हेक्टर कार से बहन को लेने दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। रास्ते में एक खराब कार खड़ी होने से अपनी गाड़ी रोकी। तभी पीछे से ईको वैन ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

## अखबार वितरक संघ लगाया सेवा स्टॉल, श्रद्धालुओं को मिला जल सेवा का लाभ



**कोरबा।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर कोरबा जिले में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को लेकर शहर में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों द्वारा भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ, कोरबा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए शौर्य यात्रा के दौरान सेवा स्टॉल लगाने का निर्णय लिया गया है। संघ द्वारा सीतामढ़ी क्षेत्र में यह सेवा स्टॉल स्थापित किया , जहां यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी। संघ पिछले तीन वर्षों से लगातार इस आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवा कार्य कर रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शौर्य यात्रा में हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में भीड़ और गर्मी को ध्यान में रखते हुए जल सेवा अत्यंत आवश्यक हो जाती है। इसी उद्देश्य से संघ द्वारा यह पहल की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इस सेवा कार्य में संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, संरक्षक रेशम साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर एवं सहसचिव रायसिंह सहित संस्कार समिति के अध्यक्ष आकांक्षा चंदेल सचिव ,नेहा, अग्रवाल, रेणुका, नीलिमा गहलोत, रवीना साहू, पुष्पा साहू,रतन राठौर, श्याम भाई निरंजन साहू, नेताम योगेश्वरी,रामा, शंकर दीवान, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, राजू सैनी, सुरेंद्र साहू संतराम, बबलू यादव, विजय दास रविंदर, बजरंग यादव, दिलबाग, रतन पटेल, कृष्ण निर्मलकर, तपेश्वर राठौर, राजकुमार पटेल, अनिल गिरी सरोज, राकेश साहू, हर्ष नेताम, जीवन लाल चौहान, सत्येंद्र पुरी, राहुल, पप्पू विजय, ओमकार, दीपक, अज्जू सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य इस सेवा कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।अखबार वितरक संघ की इस पहल को सामाजिक समर्पण और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया है। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर इस तरह की सेवा गतिविधियां न केवल सामाजिक एकता को मजबूत करती हैं, बल्कि समाज में सहयोग और सद्भाव का संदेश भी देती हैं।

## हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बाइक रैली का आयोजन

**कटघोरा ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बाइक रैली का आयोजन सायं 5 बजे शुभारम किया गया। चौक चौराहों में पुलिस की कड़ी व्यवस्था किया गया था।बाइक रैली में गौरी मंदिर कारखाना, ठाकुर दहिया,दुर्गा मंदिर पुराना बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक,अस्पताल चौक वन विभाग मार्ग, थाना मार्ग , तहसील चौक,कोर्ट चौक होते हुए जेजरा चौक से पुनः चक चकवा में रैली का समापन किया गया।इस अवसर पर नगर के अनेक हिंदू संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## एसईसीएल प्रबंधन पर जबरन बेदखली का आरोप

**कोरबा ।** जबरन बेदखली के आरोप में एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ ग्राम पाली के ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा है। प्रबंधन पर जबरन बेदखली व कृषि भूमि समतलीकरण आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है। उन्होंने पेसा कानून के उल्लंघन और किसानों के अधिकारों के संरक्षण की मांग की। भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया हैं की प्रभावित भू-विस्थापित, लघु मध्यम किसानों ने कहा है कि 14 मार्च को ग्राम पाली में भारी पुलिस बल के साथ एसईसीएल द्वारा ग्रामीणों की संपूर्ण खेती भूमि को भारी मशीनों का प्रयोग कर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है। एक तरफा कार्यवाही करते हुए किसानों की हितों की अनदेखी की गई है। उनका कहना है कि ग्राम पाली पांचवी अनुसूचि के अन्तर्गत आता है। पेसा अधिनियम के अनुसार ग्रामसभा की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना किसी भी अधिग्रहण व बेदखली की कार्रवाई पूर्णतः असंवैधानिक और शून्य है। उन्होंने आगे कहा कि बल का प्रयोग कर दबावपूर्वक बिना पुनर्वास योजना, उचित मुआवजा और बगैर नियुक्ति पत्र के जमीन समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्रभावितों ने मांग की है कि अधिग्रहण की कार्रवाई को तब तक स्थगित रखा जाए, जब तक कि ग्रामसभा की वैध सहमति और प्रभावित लघु किसानों के साथ समझौता नहीं हो जाता। प्रभावित युवाओं को स्थायी रोजगार और बाजार दर के अनुरूप मुआवजे के आश्वासन की मांग की है। प्रभावित ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि पांच दिवस के भीतर प्रशासन और प्रबंधन द्वारा वार्ता के लिए सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। साथ ही लोकतांत्रिक सत्याग्रह करने मजबूर होंगे।

## 24 मार्च को चक्काजाम का निर्णय

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम में कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन सड़क और ओवरब्रिज निर्माण कार्य में देरी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है। जिसे लेकर एक बार फिर आंदोलन होने जा रहा है। वार्ड पार्षद ने 24 मार्च को इमलीछापर चौक में चक्काजाम की चेतावनी दी है। नगर पालिक निगम वार्ड 63 की पार्षद गीता गभेल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि लगभग 6 वर्षों से कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जो अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।

### पीएम आवास योजना ने हमारे सपनों को किया सच- हितग्राही श्री मेलाराम

# सपनों का आशियाना बना हकीकत: पीएम आवास शहरी 2.0 से बदली लाभार्थी मेला राम के परिवार की जिंदगी

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 ने जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर के सपनों को नई उड़ान दी है। कोरबा नगर के बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले श्री मेला राम साहू ने भी इस योजना का लाभ लेकर वर्षों से संजोया अपना घर बनाने का सपना पूरा किया है, जो पेशे से कारपेंटर का कार्य करते हैं, वर्षों से अपने परिवार के लिए एक पक्के घर का सपना संजोए हुए थे। चार सदस्यों के इस छोटे से परिवार के लिए पुराने मकान में जीवन यापन करना कई चुनौतियों से भरा हुआ था। सीमित आय के कारण एकमुश्त बड़ी राशि जुटाकर पक्का घर बनाना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। इसी बीच प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 योजना के अंतर्गत हुए सर्वे में उनका नाम शामिल हुआ। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति के बाद वर्ष 2025-26 में उनका आवास स्वीकृत हो गया। प्रथम किश्त की राशि खाते में आते ही नींव डालने का काम शुरू हुआ और देखते ही देखते उनके आवास का कार्य तेजी से पूरा होने लगा। योजना के तहत उन्हें तीनों किश्तों की राशि समय पर प्राप्त हुई, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। सरकार की इस आर्थिक सहायता के साथ-साथ अपनी जमा पूंजी जोड़कर श्री मेला राम साहू ने अपने सपनों का पक्का घर तैयार कर लिया। जुलाई 2025 में उनका नया आवास पूरी तरह बनकर तैयार हो गया। आज उनका पूरा परिवार सुरक्षित, स्वच्छ और सुकून भरे वातावरण में नए घर में खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है। लाभार्थी श्री मेला राम ने बताया कि अपना पक्का घर होना हर परिवार का सबसे बड़ा सपना होता है।

हम लंबे समय से इस बारे में सोच रहे थे, लेकिन आर्थिक स्थिति बाधा बन रही थी। उन्होंने कहा पीएम आवास योजना ने हमारे सपनों को साकार कर दिया। हितग्राही श्री साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगो के पक्के आवास के सपने को पूरा करने चलाए जा रहे इस योजना के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है।




## कटघोरा, व्यावसायिक शिक्षा के तहत विद्यार्थियों ने किया 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण

**कोरबा ।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्थ केयर संकाय के हेल्थ केयर संकाय के 11वीं एवं 12वीं के 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया इंटर्नशिप के दौरान हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी एवं अनुभव प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम के अवसर पर अवसर पर बीएमओ रश्मि सिंह मैडम और विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया वह भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार मैडम और प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का संचालन हेल्थ केयर के ट्रेनर तेजस्वी विश्वकर्मा तेजस्वी विश्वकर्मा साल के समस्त के द्वारा किया गया संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य विद्यालय के प्राचार्य के. एल. डहरिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया विद्यालय परिवार ने इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल विकास एवं भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




### 'लखपति दीदी बनकर उभरीं सावित्री बिस्वास, गांव में बनीं बदलाव की पहचान'

## बिहान से जागी आत्मनिर्भरता की अलख महिलाएं बन रहीं सशक्त और सक्षम

**कोरबा ।** कभी अभावों और आर्थिक तंगी में गुजर-बसर करने वाली एक साधारण ग्रामीण महिला, आज अपनी मेहनत और हौसले के दम पर सफलता की नई इबारत लिख रही है। अवसर मिला, तो उसे पहचाना; मार्गदर्शन मिला, तो उसे अपनाया और फिर एक समय आया जब पीछे मुड़कर नहीं देखा। यह कहानी है श्रीमती सावित्री बिस्वास की, जिनका जीवन बिहान योजना के सहयोग से संघर्ष से सफलता की प्रेरक यात्रा बन गया है। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बिहान योजना का प्रभाव अब गांव-गांव में दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रही हैं।




इसी कड़ी में विकासखण्ड कोरबा के ग्राम पंचायत गुरमा की निवासी श्रीमती सावित्री बिस्वास आज एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी हैं। एक समय था जब सीमित आय, आर्थिक असुरक्षा और स्थायी आजीविका के अभाव में उनका जीवन संघर्षों से घिरा हुआ था। परिवार की जिम्मेदारियों और संसाधनों की कमी के कारण जीवनयापन कठिन हो गया था, लेकिन स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी ने नया मोड़ लिया। बिहान योजना के अंतर्गत उन्हें वित्तीय साक्षरता, समूह प्रबंधन, उद्यम विकास एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त हुए, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से उनके समूह को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक ऋण की सुविधा मिली। उन्होंने अपने छोटे से किराना दुकान से व्यवसाय की शुरुआत की। लगभग 60 हजार रुपये से फैंसी स्टोर और किराना दुकान शुरू करते हुए उन्होंने धीरे-धीरे अपने व्यवसाय का विस्तार किया। एक लाख रुपये लेकर चप्पल दुकान खोली और आय बढ़ाने के लिए सीएलएफ से दो लाख रुपये का ऋण लेकर कृषि केंद्र का दुकान स्थापित किया। आगे अवसर को पहचानते हुए उन्होंने बैंक एवं सीएलएफ से लगभग 6 लाख रुपये का ऋण लेकर मेडिकल दुकान और कृषि सेवा केंद्र का विस्तार किया।आज वे फैंसी स्टोर, कपड़ा दुकान, चप्पल दुकान, राशन दुकान, बर्तन दुकान, मेडिकल स्टोर एवं कृषि सेवा केंद्र सहित विभिन्न गतिविधियों का सफल संचालन कर रही हैं। उनके निरंतर परिश्रम, सही मार्गदर्शन और समय-समय पर मिली वित्तीय सहायता का ही परिणाम है कि उनकी वार्षिक आय लगभग 7.70 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। इस आर्थिक सशक्तिकरण का सकारात्मक प्रभाव उनके परिवार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा और अवसर मिल रहे हैं एक बच्चा बी. फार्मेसी, बेटी बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है, वहीं छोटा बच्चा चॉइस सेंटर का संचालन कर आत्मनिर्भर बन रहा है। यह उपलब्धि उनके लिए गर्व और संतोष का विषय है।श्रीमती बिस्वास अब सामाजिक रूप से भी सशक्त हो चुकी हैं। वे अपने गांव की अन्य महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जुड़ने, बचत करने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके प्रयासों से प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं किराना दुकान, होटल संचालन, कपड़ा एवं चप्पल व्यवसाय जैसे कार्यों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, राज्य सरकार, जिला प्रशासन कोरबा को देती हैं, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से उनका जीवन बदला और वे आत्मनिर्भर बन सकीं।

## महतारी वंदन योजना ने बदल दी अनिता बाई की जिंदगी

**कोरबा ।** जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत जटगा के आश्रित ग्राम बांधापारा में रहने वाली अनिता बाई का जीवन कभी बहुत संघर्षों से भरा था। तीन बच्चों की माँ अनिता बाई के लिए महीने में एक हजार रुपये जुटा पाना भी बेहद कठिन होता था। गांव में काम-धंधे की उपलब्धता कम होने के कारण वह अपने परिवार का गुज़ारा मुख्य रूप से जंगल से मिलने वाले चरोटा बीज और अन्य वनोपजों को इकट्ठा कर बेचकर करती थीं। चरोटा बीज वे बाजार में 25 रुपये किलो में बेचती हैं, इसके अलावा अन्य वनोपज भी बेचती है। जिससे परिवार का खर्च बड़ी मुश्किल से चलता था।इसी बीच छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना से उनका नाम जुड़ गया, और यहीं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई। योजना के तहत मिलने वाली महीने की एक हजार रुपये की सहायता राशि उनके लिए आर्थिक संबल बन गई। अनिता बाई बताती हैं कि गाँव में जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी रुपये जुटाना कठिन था, वहीं योजना से मिलने वाली यह राशि घर के आवश्यक खर्चों को पूरा करने में बड़ी मदद करती है।आंगन में चरोटा बीज साफ करते हुए अनिता बाई मुस्कुराकर कहती हैं इसका हमेशा डिमांड रहता है, इसे बेचकर थोड़ी आमदनी हो जाती है, लेकिन महतारी वंदन का पैसा मिलने से घर चलाना अब पहले की तरह मुश्किल नहीं रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हम जैसी महिलाओं के लिए सच में बड़ा सहारा दिया है।



अनिता बाई ही नहीं, उनके पति राम सिंह भी इस परिवर्तन को महसूस करते हैं। वे बताते हैं कि अब छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उन्हें अलग से पैसा नहीं देना पड़ता और घर में आर्थिक तनाव कम हुआ है। साथ ही वे खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं कि उनका पीएम आवास भी स्वीकृत हो चुका है, और पक्का घर बनने का काम जारी है। आने वाले समय में उन्हें अपना खुद का मजबूत और सुरक्षित घर मिलने की उम्मीद है।वनोपज संग्रह, चरोटा बिक्री और सरकारी योजनाओं के सहयोग से अनिता बाई आज अपने परिवार को बेहतर भविष्य देने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। महतारी वंदन योजना ने न सिर्फ उन्हें आर्थिक सहारा दिया, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई राह भी दिखाई है।

## भीषण गर्मी और ताप की लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए बचाव हेतु उपाय के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा ।** जिले में भीषण गर्मी और ताप की लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना द्वारा बचाव हेतु उपाय के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उनके द्वारा भीषण गर्मी-ताप की लहर से बचने के संबंध में गर्मी के पहले एवं गर्मी के दौरान सुरक्षा उपाय के संबंध में कहा गया है कि जहां तक संभव हो दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तेज धूप में जाने से बचें, प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पर्याप्त पानी पीते रहें और यात्रा के दौरान पानी साथ रखनें, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर को कपड़े या टोपी से ढकने तथा धूप में चश्मा और छाता इस्तेमाल करने एवं जूते चप्पल पहनने की सलाह दी गई है। गर्मी के मौसम में खानपान को लेकर भी सावधानी बरतने को कहा गया है। हल्का भोजन करें और पानी से भरपूर फल जैसे खरबूजा, ककड़ी और खट्टे फल अधिक लें। नींबू पानी, छाछ और जूस जैसे पारंपरिक पेय पदार्थों का सेवन करें, जबकि मांस और अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से बचें। बाहर का खाना और बासी खाना खाने से परहेज करने की भी सलाह दी गई है। प्रशासन ने घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दे, सनशेड और वेंटिलेशन का उपयोग करने को कहा है। साथ ही बच्चों और पालतू जानवरों को बंद वाहनों में नहीं छोड़ने और पशुओं को छाया एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध कहा गया हैं। स्थानीय मौसम पूर्वानुमानों को सुनने व आगामी तापमान परिवर्तनों सें अवगत रहने की सलाह दी गई है। बिमारी व चक्कर आने या अचेतना अवस्था के मामले में डाक्टर से परामर्श व तत्काल चिकित्सा सहायता लेने का आग्रह किया गया है।

हीट स्ट्रोक की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत ठंडी या छायादार जगह पर लिटाने, पैरो को थोड़ा ऊपर उठाकर लिटाने, शरीर को ठंडे पानी से ठंडा करने और ओआरएस या नमक-चीनी का घोल देने की सलाह दी गई है। यदि व्यक्ति बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने-पीने को नहीं दें और जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। स्थायी विंडो रिफलेक्टर जिसे एल्यूमिनियम कॉयल से ढके कार्डबोर्ड आदि का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। खिड़कियों को पर्दा छाये से ढंकने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें और आसपास के बुजुर्ग, बीमार या कमजोर लोगों का विशेष ध्यान रखें।

# ज्योति कलश जगमगाएं सर्वमंगला का दरबार

**कोरबा ।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083, 19 मार्च 2026 को नवरात्रि के प्रथम दिन माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 9 दिन तक चलने वाला आध्यात्मिक महापर्व नवरात्रि घट स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। शुभ नक्षत्र में माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महाराज) ने सपत्नीक विद्वान आचार्यों एवं पंडितों, बैगाओं की उपस्थिति में परिसर में स्थित कलश कक्षों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलशों को दिव्य मंत्रोच्चार के साथ प्रज्ज्वलित किया। मनोकामना ज्योति कलशों से परिसर दमक उठा। 8000 तैल्य कलश एवं 750 घृत कलशों से दैदिव्यमान हुआ परिसर प्रबंधक नमन पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन 8000 तैल्य ज्योति कलशों को प्रज्ज्वलित किया गया, वहीं 750 घृत कलश जलाए गए। 8750 ज्योति कलशों के दिव्य प्रकाश पूंज से परिसर दमक उठा। श्री पाण्डेय ने बताया कि ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और ज्योति कलशों के दर्शन से मन में पवित्रता का भाव जागृत होता है। कोरबा, छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों एवं विदेशों से भी श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराए हैं।प्रथम दिन अभूतपूर्व भीड़नवरात्रि प्रारंभ होते ही शक्ति की उपासना में लोग डूब जाते हैं। प्रथम दिन माँ शैलपुत्री स्वरूपा माँ सर्वमंगला देवी का दर्शन करने परिसर में अभुतपूर्व भीड़ देखी गई। परिसर से सड़क तक श्रद्धालुओं की लंबी लाईन लगी हुई थी और श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। परिसर में प्रबंधन द्वारा भोग प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है और श्रद्धालु यहां तृप्त भी हो रहे हैं।संध्या महाआरतीमन पर विजय प्राप्ति का महापर्व है नवरात्रि- नन्हा महराजमाँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महाराज)सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने सभी प्रदेशवासियों को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083 हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी की मंगलकामनाओं का शुभ संदेश दिया है और बताया कि माँ आदिशक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि मुख्यरूप से मन पर विजय प्राप्ति का महापर्व है। माँ सर्वमंगला की असीम कृपा हम पर बरसती रहे और कोरबा सुख समृद्धि के साथ विकास का नया आयाम गढ़े और क्षेत्रवासी खुशहाल बनें। उन्होंने कहा कि आदिशक्ति की उपासना एवं विधि विधान से की गई पूजा से घर में सुख समृद्धि का वास होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व नारी के सम्मान का महापर्व है, यह पर्व मन में विजय प्राप्ति का महान पर्व है। आत्म संयम और इंद्रियों पर नियंत्रण के लिए उपासना प्रभावी साधन है और माँ के दर्शन मात्र से ही मन को असीम शांति मिलती है। घर का कलह दूर होता है और सुख समृद्धि का वास होता है। मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के साथ नवरात्रि में घर-घर भी ज्योत जलना चाहिए, इससे घर में सात्विक ऊर्जा का संचार होता है




## प्रगतिशील बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित हरदी बाजार अंतर्गत मतदाता सूची प्रकाशित

**कोरबा ।** प्रगतिशील बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित हरदी बाजार विकासखण्ड पाली पंजीयन क्रमांक 376 अंतर्गत मतदाता सूची का प्रकाशन 19 मार्च 2026 को किया गया है। प्रकाशित सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा-आपत्ति 27 मार्च 2026 तक आमंत्रित किया गया है।

# देवी मंदिरों में जलने लगे हैं आस्था के दीप

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले में देवी मंदिरों की संख्या बहुतायात में है जहां भक्तों द्वारा सभी पर्वों में विशेष पूजा अर्चना की जाती है इस चैत नवरात्र पर्व में जांजगीर के कचहरी चौक के पास स्थित शारदा देवी मंदिर में भी भक्तों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया है जो शहर वासियों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसी तरह जांजगीर के देवी दाई मंदिर में भी आस्था के दीप जलाए गए हैं जिसे मनोकामना ज्योति के रूप में भी लोग कहते हैं। नवरात्र पर्व के आज दूसरे दिन इन मंदिरों में भारी भीड़ देखा जा रहा है तथा लोग अपनी मनोकामना लेकर मां के दर्शन लाभ ले रहे हैं। इसी तरह जांजगीर से लगा हुआ गांव खोखरा है जहां मनका दाई का मंदिर प्रसिद्ध है यहां पर्व शुरू होने से पहले मेला लग गया है यहां दूर दराज से लोग दर्शन करने आते हैं। पूरे समय यहां जस गीत का




धुन लोगों को खूब भाता है यहां जस गीत



प्रति स्पर्धा का भी आयोजन किया जाता है तथा उत्कृष्ट गायन करने वाले मंडलियों को समिति के द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता हैं। खोखरा में पूरे नवरात्र पर्व पर अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन किया जाता है जहां रोजाना हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी तरह मौली देवी मंदिर नवापारा में भी मनोकामना दीप प्रज्वलित किया जाता है जहां सैकड़ो की संख्या में लोग यहां मनोकामना दीप जलते हैं। इस जिले का प्रसिद्ध देवी स्थल अन्नधरी देवी है जहां लोग पहाड़ों में चढकर दर्शन लाभ लेते हैं। पहड़िया के घने जंगल में पहाड़ के ऊपर विराजमान मां अन्नधरी का प्रतिमा बड़ा ही मनोहर एवं आकर्षक है। जिससे लोग बरबस इनकी ओर खिंचे चले आते हैं। यहां वैसे तो कई मान्यताएं हैं किंतु इस जंगल के लकड़ी का जलाना मना ही माना जाता है। इसी के पास स्थित घटाद्वारी में मां त्रिपुर सुंदरी का भव्य मंदिर है जो क्षेत्र वासियों के लिए दर्शन का प्रमुख केंद्र है सड़क किनारे एवं पहाड़ आदि से लगे होने के कारण यह अत्यंत मनोहारी तीर्थ स्थल है।जहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर दर्शन लाभ लेते हैं। यहां प्रत्येक पर्व पर मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाती है। जांजगीर-चांपा जिले के केरा ग्राम में मां चंडीदाई का भव्य मंदिर है यहां प्रत्येक पर्व पर अखंड ज्योत का प्रज्वलन करने का प्रथा है जहां दुर दराज से लोग पहुंचकर दर्शन लाभ लेते हैं। वही मां चंडीदाई की मान्यता है कि यहां माथा टेकने वाले लोग कभी असफल नहीं होते। इसके अलावा नवागढ़ में मां भवानी का मंदिर स्थित है यहां प्रतिमा तो छोटा है किंतु इसकी महिमा अधिक बताई जाती है।यहां पूरे नवरात्र में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने का प्रचलन है। वैसे तो आजकल गांव में लोग देवी मंदिरों का निर्माण कर पूजा अर्चना करते हैं किंतु प्राचीन प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों का एक अलग महत्व होता है। इनमें मां अष्टभुजी, मां चंद्रसेनी, मां महामाया, मां शाकंभरी, मां शीतला, मां दुर्गा, मां भवानी, मां समलेश्वरी, एवं मां बमलेश्वरी आदि मंदिरों में आस्था के दीप जलाकर जिलेवासी मां से अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि जिले का प्रत्येक देवी मंदिर में आसानी से आवागमन किया जा सकता है यहां विशेष ना तो पहाड़ी है और ना ही जंगल एवं जल मार्ग कमोबेश इस जिले का भूभाग मैदानी एरिया है जिस कारण से लोग सभी तीर्थ स्थलों में जाकर माथा टेक पाते हैं। बहरहाल सभी देवी मंदिरों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी है जिससे पूरा पूरे जिले में एक धार्मिक वातावरण निर्मित होने लगा है।

# कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होटल संचालकों की बढ़ी दिक्कतें

## छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का आ गया है संकट



**जांजगीर चांपा।** जिले में कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद हो चुकी है, जिसके कारण होटल ढाबा संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि चाट भंडार, ठेला संचालन करने वाले कई छोटे व्यवसायियों का व्यवसाय पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। छोटे व्यापारियों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

गैस गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत करीब 5 लाख से अधिक उपभोक्ता गैस सिलेंडरों का उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर एवं कमर्शियल के रूप में करते हैं। साथ ही साथ जिले में 25 गैस एजेंसियों का संचालन भी किया जा रहा है। इधर ईरान-इराक एवं अमेरिका युद्ध का असर तेल एवं गैस पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जांजगीर-चांपा जिले के अधिकांश गैस एजेंसी में कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद हो चुकी है। इसका असर होटल, ढाबा, मिष्ठान भंडार समेत अन्य ठेला, चाट भंडार, मंचूरियन, चाउमीन, एवं अंडा मछली बेचने वाले छोटे व्यापारियों पर देखने को मिल रहा है। छोटे व्यापारियों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। जिला मुख्यालय जांजगीर में ही कचहरी चौक, नेताजी चौक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास चौपाटी में बड़े पैमाने पर चाट भंडार, समोसा, मोमोज समेत अन्य दुकानों का संचालन बड़े पैमाने पर किया जाता है, लेकिन कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवक बंद हो जाने के कारण छोटे व्यापारियों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। सिलेंडर की आवक नहीं हो पाने के चलते उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

इस संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी संदीप पांडेय का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई उच्च स्तर से नहीं हो पा रही है जिसके कारण इसका असर होटल ढाबा संचालकों पर पड़ रहा है। संचालकों द्वारा घरेलू गैस का उपयोग पर कार्यवाही भी की जा रही है।

**ऑनलाइन बुकिंग के लिए लंबा इंतजार**

इधर जांजगीर-चांपा जिले के अधिकांश गैस एजेंसियों में घरेलू सिलेंडर बुकिंग को लेकर ग्राहकों को लंबा इंतजार करना पड़ जा रहा है। करीब 15 दिन पहले बुकिंग करने के बाद उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर मिल पा रहे हैं गैस एजेंसी संचालकों की माने तो पहले इस तरह की स्थिति नहीं थी, लेकिन इराक ईरान एवं अमेरिका युद्ध का असर तेल एवं गैस पाइपलाइन कंपनियों पर पड़ रहा है। जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि जनता की राहत के लिए ठोस प्रबंध करें।

## शासकीय कार्य में बाधा एवं संपत्ति नुकसान करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ दस्तावेज को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला तहसील कार्यालय अकलतरा का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च को को दोपहर लगभग 3:30 बजे ग्राम खपरीडीह निवासी आरोपी जीवराखन मिरी मोटरसाइकिल से तहसील कार्यालय अकलतरा पहुंचा। आरोपी शराब के नशे में था तथा मुख्य द्वार पर वाहन खड़ा कर गाली - गलौज करते हुए कार्यालय के भीतर प्रवेश कर गया। आरोपी ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा महत्वपूर्ण दस्तावेजों को फाड़ दिया। साथ ही, कार्यालय में स्थापित सोलर पैनल के तारों को खींचकर तोड़ दिया, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा और कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## सिद्ध हनुमान मंदिर में विशेष पूजा की गई

**सक्ती।** हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर सक्ति नगर में गुरुवार को शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष और भक्ति गीतों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे थाना परिसर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ की।

# मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव संपन्न

## पूनम अध्यक्ष, अनीता सचिव, ममता कोषाध्यक्ष नियुक्त



**जांजगीर-चांपा।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर का चुनाव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2026 -27 हेतु सत्संग भवन नैला जांजगीर में संपन्न हुआ।

मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनाव संपन्न कराया गया।

चुनाव संपन्न उपरांत पुन: अध्यक्ष की जवाबदारी पूनम अग्रवाल को सोपा गया इसी प्रकार सचिव के रूप में श्रीमती अनीता अग्रवाल और कोषाध्यक्ष रूप में श्रीमती ममता मोदी को जवाबदारी दी गई। चुनाव संपन्न उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने समस्त सदस्यों का अभिवादन किया और मुंह मीठा करा कर कार्यभार ग्रहण किया अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि शाखा ने मेरी काबिलियत को देखते हुए मुझे पुन: अध्यक्ष बनाया है जिसका मैं निर्वहन भली-भांति करूंगी।

जिस प्रकार शाखा के द्वारा लगातार साल भर बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है इस प्रकार आगामी वर्ष सभी प्रकार के जनहित कार्य संपादित किया जाएगा शाखा के सदस्यों द्वारा साल भर मुझे इतना स्नेह और सम्मान दिया है मैं उनके स्नेह और सम्मान का अभिवादन करती हूं और उनके द्वारा पुन: मुझ पर विश्वास करते हुए अध्यक्ष बनाने के लिए मैं हृदय से आभारी हूं।

समस्त सदस्यों के साथ मिलकर वर्ष भर इसी तरह कार्य संपादित किया जाएगा उक्त चुनाव में प्रांतीय निर्देश श्रीमती सुनीता मोदी प्रांतीय संयोजक श्रीमती शिखा अग्रवाल श्रीमती मनीषा अग्रवाल श्रीमती पूनम जगनी श्रीमती बबीता गर्ग श्रीमती ज्योति अग्रवाल श्रीमती राधा अग्रवाल श्रीमती संतोष अग्रवाल श्रीमती मधु शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित थे।

## सीएमएचओ ने अवैध क्लीनिक पर कसा शिकंजा, झोलाछाप डॉक्टर के दस्तावेज की जांच

**सक्ती।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सक्ती द्वारा 19 मार्च गुरुवार जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं बिना पंजीयन मरीजों का उपचार करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के निर्देश पर की जा रही है।स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तहसील स्तर पर औचक निरीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों में जांच की गई। इस दौरान जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत लगभग 15-20 किमी दूर स्थित एक ग्राम में बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने का मामला सामने आया। टीम ने मौके पर संबंधित व्यक्ति को इलाज करते हुए पाया, जिसके बाद तत्काल क्लीनिक बंद कराया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना किसी वैध डिग्री एवं पंजीयन के लंबे समय से चिकित्सकीय कार्य कर रहा था।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार छपोरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ग्राम- मिरौनी
प.ह.न- 19
तहसील मालखरौदा

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम मिरौनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड (कार्पोरेशन देनदार / एसीपीएल) से वेदांता लिमिटेड के नाम पर भूमि अभिलेखों और अन्य संबंधित भूमि दस्तावेजों में अधिकारों के अधिग्रहण के उत्परिवर्तन के आवेदन माननीय राष्ट्रीय न्यायालय हैदराबाद से दिनांक 17.07.2023 के आदेश द्वारा कार्पोरेट देनदार का वेदांता लिमिटेड के साथ विलय और उसके बाद जिला रजिस्ट्रार और स्टाम्प कलेक्टर जांजगीर चांपा द्वारा दिनांक 29.12.2025 को आदेश के अधिनिर्णय के अनुसार ग्राम मिरौनी स्थित भूमि ख.नं. 780/1,786/1, 798/1. 791, 799, 796/5, 796/2, 784/2, 782/1, 782/3, 796/4, 783/1, 786/2, 1708/2, 786/3, 780/4, 783/2.787/1, 787/3, 787/4, 787/2 रकबा क्रमशः 0.36, 0.28, 0.26, 0.12, 0.30, 0.15, 0.26, 0.20. 0.23, 0.23, 0.15, 0.21, 0.28, 0.14, 0.28, 0.37, 0.21, 0.13, 0.13, 0.13, 0.12 कुल ख.नं. 21 कुल रकबा 4.54 एकड़ भूमि को आवेदक वेदांता लिमिटेड के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा हो तो वह अपना दावा आपत्ति निर्धारित पेशी दिनांक 25/3/26 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। बाद में किये गये दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाँक 11/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर ईश्तहार जारी किया गया।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार छपोरा
उप तहसील छपोरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार भरतपुर, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ब-121/2024-2025

एतद द्वारा ग्राम बरहोरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभनाथ पिता रामप्रसाद, निवासी ग्राम बरहोरी, पटवारी हल्का नं.23 राजस्व निरीक्षक मण्डल भरतपुर, तहसील भरतपुर जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने दादा मघऊ का मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु तहसील न्यायालय भरतपुर में आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। शोभनाथ के दादा मघऊ का मृत्यु दिनांक-19/06/1970 को हुई है।

उपरोक्त सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत तिथि 30/03/2026 तक न्यायालयीन समय पर अपना दावा / आपत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी।

सील

न्यायालय तहसीलदार भरतपुर
जिला- एम.सी.बी.(छ.ग.)

# जमीन मामले में घर में ही जला दी शिक्षक की लाश

**सक्ती।** जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत जरवे गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने दिव्यांग शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर थे और शव को ट्राईसिकल समेत जला दिया। सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची और जले हुए लाश की सोनाक्षी करके पंचनामा पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है। घटना का कारण जमीन खरीदी विक्री का विवाद बताया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जवें में शिक्षक देवानंद भारद्वाज पिता अवध राम भारद्वाज उम्र 42 वर्ष का गाँव के ही टिमन मनहर से जमीन संबंधी कुछ विवाद चल रहा था। बताया जाता है की घटना दिनांक 18 मार्च बुधवार को शाम करीब 5:00 बजे विनोद खांडे के पान दुकान के पास शिक्षक देवानंद भारद्वाज एवं आरोपी टिमन मनहर के बीच जमीन खरीद बिक्री को लेकर विवाद हुआ। शिक्षक भारद्वाज ने कहा कि तुमने 1 साल के अंदर जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही थी, परंतु तुम हमेशा टालते आ रहे हो, जमीन का बिक्रीनामा मेरे पास है, और तुम मुझसे 7लाख भी ले चुके हो, अगर रजिस्ट्री नहीं करना है तो मेरे से ली गई राशि वापस करो।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इस दौरान आरोपी टिमन ने घातक हथियार से शिक्षक भारद्वाज पर पीछे से गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे देवानंद की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पश्चात आरोपी ट्राईसिकल दूलाते हुए मृत शिक्षक देवानंद के शव को अपने ही बड़ी में ले गया और आग के हवाले कर दिया। शाम के समय बड़ी में जलती लाश का कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया और घटना की सूचना सरपंच द्वारा थाने को दी गई। जिस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में एडिशनल एसपी, एस डी ओपी भी पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिन्होंने अपने स्तर पर जांच प्रक्रिया पूरी की। दूसरे दिन गुरुवार 19 मार्च को 100 का पोस्टमार्टम कराया गया।

मामले मेंपुलिस ने आरोपी टिमन लाल मनहर के खिलाफ हत्या का अपराध कायम किया है, आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस हत्याकांड से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। शिक्षक देवानंद भारद्वाज दोनों पैर से विकलांग थे। परिजनों ने बताया कि मृतक देवांगन एवं आरोपी टिमन लाल मनहर के बीच में जमीन एवं लेनदेन का विवाद था।

**पत्नी से अनबन, बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

दिव्यांग शिक्षक देवानंद भारद्वाज के दो बच्चे हैं। 10 वर्ष की बेटी डिपल और 4 वर्ष का बेटा दिव्यांश। जबकि अनचन के चलते उसकी पत्नी 3-4 वर्ष पहले ही देवानंद को छोड़कर अपने मायके रानीगांव में रहती है। बच्चों का देखमाल उसके पिता देवानंद किया करते थे। वर्तमान में बच्चों का देखमाल कौन करेगा या बड़ा प्रश्न है।

*कर रहे पतासाजी*

*जमीन खरीदी बिक्री को लेकर दिव्यांग शिक्षक और आरोपी के बीच विवाद हुआ। इसी पर से उसने धारदार हथियार से है फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश वार करके हत्या की और शव को बाड़ी में ले जाकर जला दिया। मामला दर्ज किए चल रही है। टीम भी गठित किए है।*

*प्रफुल्ल ठाकुर,*
*एसपी, जिला सक्ती*

## बलौदा में श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**बलौदा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक प्यारेलाल सोनी के निवास पर श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा हनुमान कुटी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत पूजन-अर्चन के बाद यात्रा का समापन किया गया।

# फर्जीवाड़ा कर सरकारी योजना का लाभ लेने वाला गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा।** फर्जीवाड़ा कर सरकारी योजना का लाभ लेने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक एवं दिव्यांग सहायता योजना में फर्जी दस्तावेज के माध्यम से एक लाख रुपये सहायता राशि ली गई थी। विरा पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी मृतिका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार ग्राम पंचायत सचिव अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि बिर्रा में श्रम विभाग कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में फर्जीवाड़ा के की शिकायत कलेक्टर और एसपी से हुई थी। शिकायत की जांच में यह बात सामने आई कि बिर्रा गांव के सुमन बाई की मौत के बाद उसके पति अशोक पटेल ने कुछ लोगों के साथ मिलीभगत कर जालसाजी करते हुए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का लाभ लेने के लिए मृत पत्नी को जीवित बना कर पंजीयन कराया और फिर से मृत घोषित कर एक लाख रुपये सहायता राशि निकाल ली। । प्राथमिक जांच के बाद मृतिका के पति अशोक पटेल और सचिव रोहित पटेल के खिलाफ धारा 318(4) और 3(5) के तहत बिर्रा थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी अशोक पटेल को गिरफ्तार किया है। उसके मोबाईल फोन को जप्त कर लिया गया है। बही फरार ग्राम पंचायत सचिव रोहित पटेल की तलाश की जा रही है। साथ ही मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी करने पुलिस जांच में जुटी है।

## पुरानी रंजिश से उपजा विवाद- एससी/एसटी केस में फंसाने की धमकी, गेट में तोड़फोड़

**जांजगीर चांपा।** जिले के ग्राम अमोदी में पुरानी रंजिश के चलते एक घर के गेट पर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में बम्हनीडीह थाने में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना गत 16 मार्च को दोपहर लगभग 1 बजे की है। जब पीड़िता ज्योति केवंट अपनी देवरानी और सास के साथ घर पर थीं, जबकि घर के पुरुष काम पर गए हुए थे।गांव के सहाय गोड, भूपेंद्र, सोनू, मनीष, गोलू और सुकमति गोड गैती, सबबल, हथौड़ा और डंडा लेकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और घर के गेट का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। मामला पुरानी रंजिश का है। जब ज्योति केवंट ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो राम सहाय गोड ने अपने हाथ में रखे डंडे से उन पर और उनकी देवरानी पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं।सभी छह आरोपियों ने मिलकर घर के बाहर बने गेट को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि राम सहाय गोड और उसकी पत्नी सुकमति गोड ने पीड़ितों को एससी/एसटी केस में फंसाने की भी धमकी दी।

## एक दिवसीय निरंकारी जोनल लेवल संत समागम पचेड़ा में आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर शाखा के ग्राम पचेड़ा में जोन-स्तरीय एक दिवसीय निरंकारी संत समागम का आयोजन 15 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक हुआ।

जयपुर राजस्थान से आये महात्मा भूपराम शर्मा के सानिध्य में तथा जोनल इंचार्ज महात्मा सुन्दर श्याम के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरूवात प्रिया राजवानी के हरदेव गायन से हुआ इसके पश्चात बिलासपुर जोन के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा-चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव से आयें अनेक महात्मा व बहनों द्वारा अपने गीतों व विचारों से परम पिता परमेश्वर का यशोगान किया। महात्मा भूपराम शर्मा अपने विचारों में कहा कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है, जो सत्गुरू द्वारा ब्रम्हज्ञान देकर कण-कण में बसे निराकार प्रभु के दर्शनकरा कर मानव को मानव से जोड़कर उनमे प्रेम की भावना उजागार करता है, जिस प्रकार ग्रंथो में भी लिखा है।

गुरू गोंवद दोउ खडे, काके लागू पाय, बलिहारी गुरू आपनों गोविद दियो बताय अर्थात बिना गुरू के मार्ग दर्शन के मनुष्य को ईश्वर की ज्ञान प्राप्ति नहीं नहीं हो सकता।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अकलतरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

E-mail ID:cmoakaltara@rediffmail.com

क्र./553 /स्था. /न.पा.प./2026 — अकलतरा, दिनांक 19/03/2026

**।। ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ।। (4th Call)**

UADD Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

नगर पालिका परिषद अकलतरा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | प्रा. राशि (लाख में) | अमानत राशि | डिमांड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|
| 187462 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Akaltaraunder SBM 2.0 (4th Call) | 537.78 Lakh | 2.69 Lakh | 10000.00 |

निविदा की विस्तृत जानकारी छग शासन की E-procurement पोर्टल http:/eproc. cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा (छग)

**न्यायालय तहसीलदार भरतपुर, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ब-121/2024-2025

एतद द्वारा ग्राम बरहोरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभनाथ पिता रामप्रसाद, निवासी ग्राम बरहोरी, पटवारी हल्का नं.23 राजस्व निरीक्षक मण्डल भरतपुर, तहसील भरतपुर जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता रामप्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु तहसील न्यायालय भरतपुर में आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। शोभनाथ के पिता रामप्रसाद कोल का मृत्यु दिनांक-25/11/1980 को हो गई है।

उपरोक्त सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत तिथि 30/03/2026 तक न्यायालयीन समय पर अपना दावा / आपत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/03/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी।

सील

न्यायालय तहसीलदार भरतपुर
जिला- एम.सी.बी.(छ.ग.)

## अनमोल वचन......

घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है..

# प्रस्ताव पारित होने की संभावना नहीं

*अविश्वास प्रस्ताव ओम बिरला के खिलाफ के जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन- रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा है। वरना, विपक्ष भी अवगत रहा है कि इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है। संसदीय लोकतंत्र में पीठासीन अधिकारी पर सदन का कोई पक्ष अविश्वास जताए, तो उस पर खेद ही प्रकट किया जा सकता है। लेकिन भारत अभी ऐसे ही अफसोसनाक दौर में है। हाल के वर्षों में विपक्षी दलों में यह शिकायत गहराती चली गई है कि संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों के लिए सत्ताधारी दल की प्राथमिकताएं संसदीय मर्यादा से अधिक अहम हो गई हैं। दोनों सदनों में इल्जाम लगाए जा चुके हैं कि पीठासीन अधिकारी सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।*

*लोकसभा में तो एक मौके पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुलेआम कहा था कि प्रधानमंत्री और विपक्षी नेताओं से मुलाकात के दौरान स्पीकर ओम बिरला का व्यवहार और हाव-भाव अलग-अलग होता है। तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने इल्जाम लगाया था कि बिरला सत्ता पक्ष के सदस्यों को नेहरू युग की घटनाओं का उल्लेख करने की इजाजत देते हैं, लेकिन विपक्ष के सदस्य अगर नोटबंदी जैसी अपेक्षाकृत हालिया घटनाओं का जिक्र करें, तो उसे कार्यवाही से निकाल देते हैं। ऐसे आरोपों की श्रृंखला बहुत लंबी हो चुकी है। बिरला के खिलाफ के विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।*

*इसे जारी एवं गहराती गई शिकायतों को ऑन-रिकॉर्ड लाने की विपक्ष की कोशिश का हिस्सा माना जाएगा। वरना, विपक्षी दल भी वाकिफ रहे हैं कि सदन का गणित उनके पक्ष में नहीं है और इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना नहीं है। प्रस्ताव पर बहस से पहले प्रधानमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने बिरला का जोरदार बचाव कर स्पष्ट कर दिया कि सत्ता पक्ष मजबूती से उनके हक में खड़ा है। अतः सत्ता पक्ष में इस पर किसी पुनर्विचार की संभावना तक नहीं है कि आखिर विपक्ष इस हद तक क्यों गया और क्या उसकी शिकायतों को दूर करने के लिए कुछ किया जाना चाहिए। नतीजतन, स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की आपत्तियां संभवतः यथावत बनी रहेंगी, जिनका साया सदन की आगे की कार्यवाहियों पर पड़ता रहेगा। उस स्थिति में संवाद एवं अधिकतम सहमति निर्माण के मंच के बतौर सदन के आगे भी अपेक्षित भूमिका निभाने की उम्मीद कम ही है।*

# विद्युत क्षेत्र में भारत के नेतृत्वकारी क्षमता की राह बुलंद करना: नई विकास गाथा को ऊर्जा प्रदान कर रहा है भारत

//मनोहर लाल//

**प्राचीन प्रार्थना तमसो मा ज्योतिर्गमय - अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो - केवल आध्यात्मिक आकांक्षा भर नहीं, अपितु आधुनिक भारत की गाथा को भी दर्शाती है। बीते दशक में, कभी लगातार कमी से परिभाषित होने वाले विद्युत इकोसिस्टदम को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते, सबसे वैविध्यिपूर्ण और सुधार-प्रेरित विद्युत बाज़ारों में से एक में परिवर्तित कर हमने इस आदर्श भावना को वास्तविकता में बदल दिया है। जैसे-जैसे भारत स्वयं को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र, उभरती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे विद्युत क्षेत्र हमारी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की आधारशिला बन गया है।**

पिछले दशक में, हमने उत्पादन और पारेषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे राष्ट्रीय ऊर्जा की कमी वित्त वर्ष 2013-14 में 4.2 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 तक मात्र 0.03 प्रतिशत रह गई है। केवल वित्त वर्ष 2025-26 में ही (जनवरी 2026 तक), सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52.53 गीगावाट क्षमता जोड़ी गई है, जो एक ही वर्ष में जोड़ी गई अब तक की सर्वाधिक क्षमता है, जिसने 2024-25 में स्थापित 34.05 गीगावाट के पिछले सर्वोच्च स्तर को भी पार कर लिया है। कुल विद्युत उत्पादन वित्त वर्ष 2014 में 1,020.2 बीयू से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 1,830 बीयू हो गया है। प्रति व्यक्ति खपत 2014 में 957 किलोवाट-घंटे से बढ़कर 2025 में 1,460 किलोवाट-घंटा हो गई है, जो आर्थिक विकास और बेहतर पहुँच को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर घर, खेत और उद्योग के पास उसकी आवश्यकता के अनुसार विश्वसनीय विद्युत उपलब्धघ हो और भारत अब दुनिया में विद्युत का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बन गया है।

यद्यपि हम 520 गीगावाट से अधिक विद्युत उत्पानदित करने में सक्षम हैं, लेकिन किसी भी प्रणाली की असली परीक्षा अधिकतम मांग या पीक लोड को बिना किसी तरह के संचालनात्मक दबाव के संभाल सकने की उसकी क्षमता होती है। साल 2024 की गर्मियों में अधिकतम मांग रिकॉर्ड 250 गीगावाट तक पहुँच गई थी और वित्त वर्ष 2025-26 में यह 242.49 गीगावाट रही। इससे पहले मांग में इस तरह की वृद्धि से ग्रिड पर दबाव पड़ सकता था, लेकिन हमारे लोड डिस्पैच केंद्रों ने लगभग शून्य ऊर्जा हानि के साथ इसे सफलतापूर्वक प्रबंधित किया। यह मजबूती दुनिया के सबसे बड़े समकालिक ग्रिडों में से एक के कारण संभव हुई है, जिसमें 120 गीगावाट अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता है, जो देश को एक राष्ट्र-एक ग्रिड-एक फ्रीक्वेंसी में एकीकृत करती है।

प्रेरणादायक बात केवल यह नहीं है कि हम कितनी विद्युत का उत्पाषदन करते हैं, बल्कि यह भी है कि हम उसे कैसे उत्पानदित करते हैं। गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता का अंश तेजी से बढ़ा है, जिसकी बदौलत भारत 50 प्रतिशत संचयी गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित विद्युत क्षमता हासिल करने के अपने एनडीसी लक्ष्य को निर्धारित समय से लगभग पाँच वर्ष पहले ही हासिल करने में समर्थ हो सका है। यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु के प्रति हमारी संकल्पिबद्धता को दर्शाता है।

2014 से, मिशन मोड योजनाओं के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को नए रूप में ढाला गया है, जिन्होंने पहुँच का विस्तार करते हुए सतत परिवर्तन को भी गति दी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ने भारत के हर गांव तक बिजली पहुँचायी, इसके बाद सौभाग्य योजना आई, जिसने लाखों घरों को बिजली से रोशन किया और ऊर्जा तक पहुँच को सभी के लिए वास्तविकता बना दिया।एक अन्य परिवर्तनकारी सुधार सितंबर 2025 में समान आईएसटीएस सबस्टेशनों पर सौर और गैर-सौर घंटों के लिए अलग-अलग कनेक्टिविटी की शुरुआत है। सौर परियोजनाओं को सौर घंटों के दौरान पहुँच मिलती है, जबकि भंडारण और पवन परियोजनाओं को गैर-सौर घंटों में पहुँच मिलती है। इससे बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त पारेषण क्षमता का उपयोग संभव होता है, अतिरिक्त लाइनों की आवश्यकता के बिना नवीकरणीय और भंडारण परियोजनाओं के कमीशनिंग में तेजी आती है, पारेषण लागत घटती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है। डजिटल सशक्तिकरण हमारे आधुनिकीकरण की गाथा का महत्वपूर्ण अंश है। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 3.03 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ हम पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू कर रहे हैं, जिससे उपयोगिताओं और नागरिकों के बीच संबंधों में परिवर्तन आ रहा है। इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ चुके हैं: एटी एंड सी हानियां 2021 में 21.91 प्रतिशत से घटकर 2025 में 15.04 प्रतिशत हो गई हैं, और प्रति यूनिट आपूर्ति पर अंडर-रिकवरी 69 पैसे से घटकर 6 पैसे रह गई है। जैसे-जैसे हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है, भविष्य की मांग का पूर्वानुमान लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वर्तमान मांग का प्रबंधन करना। डेटा सेंटर की क्षमता 2030 तक 1.4 गीगावाट से बढ़कर 9 गीगावाट होने का अनुमान है, और केवल ये सुविधाएँ ही भारत की कुल विद्युत खपत के लगभग 3 प्रतिशत का उपयोग कर सकती हैं।

हमारा अगला लक्ष्य एआई, अनुसंधान एवं विकास और अन्य प्रौद्योगिकी-संचालित इकोसिस्टम से उत्पन्न विद्युत की विशाल और लगातार बढ़ती मांग को निरंतर रूप से पूरा करना है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, ऊर्जा भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत तेजी से बढ़ती डिजिटल अवसंरचना को स्वच्छ ऊर्जा से संचालित करने के लिए पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का बड़े पैमाने पर विकास कर रहा है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत को स्वच्छ ईंधनों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, ग्रिड स्थिरता और नवीकरणीय ऊर्जा की अधिक पैठ को बढ़ावा दे रहा है। हम परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निर्णायक कदम उठा रहे हैं, जो कम कार्बन और विश्वसनीय पावर मिक्सप का एक आवश्यक हिस्सा है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता का हमारा लक्ष्य और SHANTI अधिनियम, 2025, हमारी तकनीकी संप्रभुता को प्रमाणित करते हैं और निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कानूनी व नीतिगत ढाँचा तैयार करते हैं। अब हमें जो चाहिए, और जिसे यह समिट उत्प्रेरित कर सकता है, वह है तकनीक, वित्त और आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक साझेदारियाँ।

विकसित भारत को ऊर्जा प्रदान करने, ग्लौबल साउथ में विद्युतीकरण को तेज करने और मजबूत, भविष्य-सक्षम ऊर्जा तंत्र बनाने के लिए, हमें महत्वाकांक्षा तक सीमित न रह कर, समन्वित कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यही वह समय है जब सरकारें, उद्योग जगत के दिग्गज, नवप्रवर्तनकर्ता और वैश्विक साझेदार मिलकर एक ऐसी नई ऊर्जा संरचना का निर्माण करें–जो स्वच्छ, विश्वसनीय, डिजिटल रूप से एकीकृत और वैश्विक रूप से आपस में जुड़ी हुई हो। भारत को सीमा-पार विद्युत सहयोग का नेतृत्व करना चाहिए; अगली पीढ़ी के पारेषण, डिजिटल ग्रिड इंटेलिजेंस और ओएसओडब्ल्यूओजी -सरेखित बाजार तंत्र में साहसपूर्वक निवेश करना चाहिए; और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोपावर नवाचार, लचीले गैस संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा का त्वरित उपयोग करना चाहिए। इस गति को ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम ऑपरेटर के बीच मजबूत समन्वय और 2047 तक के लिए एकीकृत पावर सेक्टर रोडमैप द्वारा और भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, जो भारत को मजबूत, टिकाऊ और किफायती विद्युतीकरण का वैश्विक मॉडल बनाए। इस पृष्ठभूमि में, नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 विशेष महत्व रखता है। यह ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है जब राष्ट टिकाऊ, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-संचालित विद्युत तंत्र की दिशा में अपने संक्रमण को तेज कर रहा है। विकास को विद्युतीकृत करना, टिकाऊ भविष्य को मजबूत बनाना और दुनिया से जुड़ना (अर्थात इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एम्पावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली) विषय के साथ, यह समिट विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाते हुए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में भारत की नेतृत्वकारी क्षमता को प्रदर्शित करेगा। यह बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण, नवीकरणीय क्षमता के विस्तार और ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। यह समिट सहयोग, नीतिगत संवाद और निवेश जुटाने के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों स्तर पर एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। हमारा अनुमान है कि 2032 तक विद्युत उत्पादन में 345 बिलियन डॉलर और पारेषण एवं वितरण में 68 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश संभावित है, जबकि केवल ऊर्जा भंडारण में ही 35 बिलियन डॉलर से अधिक का अवसर मौजूद है। यह वास्तविक मांग पर आधारित है, क्योंकि भारत की कुल उत्पादन क्षमता पहले ही 520 गीगावाट से अधिक है और तेजी से बढ़ रही है, साथ ही ग्रिड के उत्सर्जन तीव्रता घट रही है।

# पाक का काबूल पर कायराना हमला इंसानियत के लिये खतरा

//सौरभ वार्ष्णेय//

**कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह-अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं।**

रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निर्दोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मक' रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते। काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनः स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन देश आमने सामने खुलेआम मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । इस युद्ध की वजह से पूर्ण विश्व महंगाई सहित अन्य चीजों से कराहा उठा है। कच्चे तेल ने खेल ही कर दिया। बात कर रहे हैं पाकिस्तान की जो कि अन्य देशों की तुलना में भुखमरी के कगार पर है ऐसे में वह काबुल पर असमय बमबारी कर रहा है मासूमों की जान ले रहा है। पूरा विश्व खामोशी के साथ यह सब देख रहा है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान को अपने आस्तीन में पालने वाले देश भी भलीभांति जान ले कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है सबसे पहले वही उस गड्ढे में गिरता है। ऐसा ही हाल उन देशों का हो रहा है जो अपने महान देश बनाने के चक्कर में शांति के लिये भी खतरा बनते जा रहे हैं।

ऐसे पाकिस्तान देश कितने दिनों के हैं। जब दूसरे पर बम फोड रहे हैं तो दूसरा देश बदला तो लेगा ही। कहने का आशय है कि जो देश गरीबी में जी हरा है। वह अपने को विकास करने की जगह अपने को आग की भट्टी में झोंक रहा है।

भारत ने भी कड़े शब्दों में निंदा कर कहा है कि पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया गया यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है। यह हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया, जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए शांति, चिंतन और दया का समय होता है, जो इसे और भी निंदनीय बनाता है। ऐसा कोई धर्म, कोई कानून या कोई नैतिकता नहीं है जो किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को उचित ठहरा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा नागरिकों को निशाना बनाने का यह अंधाधुंध हमला तत्काल बंद हो।

पाकिस्तान को स्वयं अपने अंदर झांकना चाहिए। 1947 से भारत से अलगहोकर पता नहीं क्यों अपने अंदर इतनी नफरत पाल ली है कि उसमें से वह निकलना नहीं चाहता ? दो भाई जब अलग होते हैं जो कि एक सामान्य सी प्रक्रिया है। हालांकि अलग होने में दर्द बहुत होता है लेकिन विस्तार के लिए यानी पाकिस्तान का जिसके लिए निर्माण हुआ वह 1947 के बाद से आज तक दिखा नहीं। पाकिस्तान को भारत को कमजोर करने के लिए कुछ विदेशी ताकतें पोश रही है लेकिन भारत पूर्व में भी अपनी शांति का परिचय देता आया है लेकिन जब जब जरूरत पड़ी तब तब अदम्य साहस विकसितता का परिचय देता आया है।

## राशिफल

**मेष** राशि मंगलवार को मेष राशि वालों के लिए दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। सुबह के समय नए कार्यों को शुरू करने की इच्छा प्रबल रहेगी और आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों या किसी छोटे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ** राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। कुछ काम अपेक्षा के अनुसार पूरे न होने से मन असंतुष्ट रह सकता है। कार्यस्थल पर दबाव अधिक महसूस होगा, जिससे मानसिक थकावट बढ़ सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी और रुके हुए कामों में गति आएगी।

**मिथुन** राशि वालों के लिए यह दिन सक्रियता और संपर्कों से भरा रहेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर व्यस्तता बनी रहेगी। कोई नया अवसर या जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क** राशि के जातकों के लिए यह दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रयासों की शुरुआत हो सकती है, लेकिन शुरुआत में दिशा को लेकर असमंजस महसूस होगा। वरिष्ठों की सलाह लेने से स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, खासकर बाहर की भागदौड़ से बचना बेहतर रहेगा।

**सिंह** राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत कुछ भारीपन के साथ हो सकती है। मानसिक तनाव या चिंता के कारण एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और पारिवारिक माहौल सुखद बनेगा।

**कन्या** राशि के जातकों के लिए यह दिन संयम और धैर्य की मांग करेगा। नए कार्यों या लंबी यात्राओं को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। मानसिक रूप से आप अंतर्मुखी रह सकते हैं और आध्यात्मिक विषयों की ओर झुकाव बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी या क्रोध से नुकसान हो सकता है, इसलिए संतुलित व्यवहार जरूरी रहेगा।

**तुला** राशि वालों के लिए मंगलवार का दिन सकारात्मक शुरुआत के साथ आएगा। नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं और किसी अहम मीटिंग से फायदा हो सकता है। व्यापार विस्तार के लिए यात्रा की संभावना भी बन सकती है।

**वृश्चिक** राशि के जातकों के लिए यह दिन बौद्धिक गतिविधियों और योजनाओं में व्यस्त रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में समय अनुकूल है और व्यापार में लाभ मिलने की संभावना है। दोपहर के बाद मित्रों या रिश्तेदारों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**धनु** राशि वालों को मंगलवार को स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। यात्रा से बचना हितकर रहेगा। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। आर्थिक लाभ के संकेत हैं और घर से जुड़े किसी कार्य पर खर्च संभव है।

**मकर** राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनाओं पर नियंत्रण रखने का है। जमीन-जायदाद या दस्तावेजों से जुड़े मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। मानसिक चिंता बनी रह सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। संतान या परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन व्यस्त रहेगा। अधिकारियों या प्रशासन से बातचीत में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

**कुंभ** राशि वालों के लिए दिन नए विचारों और योजनाओं से भरा रहेगा। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले रुककर सोचने की जरूरत होगी। कार्यस्थल पर पुराने अधूरे काम निपटाने पर ध्यान जाएगा। रचनात्मक या साहित्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में बदलाव आएगा, लेकिन मन में भ्रम बना रह सकता है।

**मीन** राशि के जातकों के लिए मंगलवार को आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है और आय बढ़ाने के नए विकल्पों पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कड़ी रहेगी और विरोधी सक्रिय रह सकते हैं। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें।

## तस्वीरों की दुनिया



कोलकाता में, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी अपने चुनाव प्रचार के दौरान।



नई दिल्ली में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी मुखियाओं के एक प्रतिनिधिमंडल और आदिवासी कांग्रेस के नेताओं के साथ एक बैठक के दौरान।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आध्यात्मिक नेता माता अमृतानंदमयी से मुलाकात की।




लखनऊ में विधान भवन के बाहर एलपीजी की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी छात्र सभा के सदस्य।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन (दाएं से तीसरे), भारत में ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन (बाएं से तीसरी) और अन्य लोगों के साथ, नई दिल्ली में नाइट कमांडर ऑफ़ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ़ द ब्रिटिश एम्पायर का प्रतीक चिन्ह प्राप्त करने के बाद पोज़ देते हुए।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस नागपुर में गुढ़ी पड़वा उत्सव के दौरान पूजा-अर्चना करते हुए।



प्रयागराज में नवरात्रि उत्सव के पहले दिन, लोग गंगा के पास अनुष्ठान करने के लिए एकत्रित होते हुए ।

# पश्चिम एशिया संकट: पीएम मोदी ने कतर के अमीर से की बात, ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों की कड़ी निंदा की



**नईदिल्ली, 20 मार्च [एजेंसी]।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जैसी स्थितियों के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल थानी से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने क्षेत्र में शांति की अपील करते हुए हालिया हमलों पर भारत का रुख स्पष्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र के महत्वपूर्ण ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के हमले न केवल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हैं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को भी बाधित कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कतर के अमीर को भरोसा दिलाया कि भारत संकट की इस घड़ी में कतर के साथ एकजुटता से खड़ा है। युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच, पीएम मोदी ने समुद्री सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के पक्षधर हैं। वैश्विक तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है, और तनाव के कारण इसके बाधित होने की आशंका बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने कतर में रह रहे भारतीय समुदाय की भलाई के लिए वहां की सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अमीर को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय नागरिकों को दी गई देखभाल और समर्थन के लिए वे उनके आभारी हैं।बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कतर के अमीर और वहां की जनता को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल होने की कामना की, ताकि युद्ध की विभीषिका को टाला जा सके। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को महत्व देते हैं।सार ने बताया कि उन्होंने भारतीय मंत्री को ईरान के खिलाफ इजरायली अभियान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ईरानी शासन होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। यह कोई अमेरिकी या इजरायली मुद्दा नहीं है, यह एक मूलभूत समस्या है जो विश्व व्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। यदि इस गंभीर समस्या का समाधान अभी नहीं किया गया, तो यह विश्व भर में फैल सकती है। सार ने कहा कि उन्होंने मध्य पूर्व, काकेशस और यूरोप में ईरानी शासन द्वारा अन्य देशों के प्रति की जा रही आक्रामकता पर भी बात की।

### अमेरिका के एफ-35 विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, ईरान ने किया हमले का दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक बड़ी घटना सामने आई है। ईरान के ऊपर मिशन पूरा करने के बाद अमेरिका का अत्याधुनिक लड़ाकू विमान एफ-35 को अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हालांकि विमान और पायलट दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह लड़ाकू विमान ईरान के ऊपर कॉम्बैट मिशन पूरा करने के बाद मिडिल ईस्ट में स्थित एक अमेरिकी बेस पर सुरक्षित उतरा। घटना के बाद तुरंत जांच शुरू कर दी गई है कि आखिर तकनीकी या अन्य समस्या क्या थी।अमेरिकी अधिकारी कैप्टन टिम हॉकिन्स ने बताया कि विमान सुरक्षित लैंड कर गया और पायलट की हालत भी स्थिर है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही कारण सामने आएगा।

# अगर रूस में एलपीजी उपलब्ध होगी तो वहां से भी खरीदी जाएगी, भारत ने जताई गहरी चिंता



**नईदिल्ली, 20 मार्च [एजेंसी]।**

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहे बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, भारत ने गुरुवार को कहा कि वह लोगों की ईंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने आपूर्ति स्त्रोतों को बढ़ा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत हर जगह से एलपीजी खरीदने की कोशिश कर रहा है और अगर रूस से एलपीजी उपलब्ध होती है, तो वहां से भी एलपीजी की खरीदी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पास अधिक विकल्प होना चाहिए और वह रूस सहित विभिन्न स्त्रोतों से तेल खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर जगह से एलपीजी खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, जहां भी यह उपलब्ध हो।इसलिए अगर रूस में एलपीजी उपलब्ध है, तो हम वहां से भी खरीदेंगे। क्योंकि मौजूदा हालात ऐसे हैं कि हमें अपने लोगों की ईंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करना ही होगा।भारत ने खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस के कुंओं तथा तेल रिफाइनरियों पर हमलों को अत्यंत चिंताजनक बताया है। सरकार ने कहा है कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता और हमले तुरंत रोके जाने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले कुछ दिनों में खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना पर हुए हमलों के संबंध में मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में गुरुवार को कहा कि भारत ने यह संघर्ष शुरू होने पर ही कहा था कि नागरिक और ऊर्जा ठिकानों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान में फंसे करीब 882 भारतीय नागरिक अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते अपने घर वापस आ रहे हैं। इसमें , जिनमें छात्र, व्यवसायी और तीर्थयात्री शामिल हैं। कई लोग पहले ही पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कई लोगों ने खुद को दूतावास में रजिस्टर नहीं कराया है। इसलिए, हमारा अंदाजा था कि 9,000 लोग थे। इनमें से लड़ाई शुरू होने से पहले काफी संख्या में छात्र लौट आए थे। उन्होंने आगे कहा कि वहां यात्रा करने वाले 284 तीर्थयात्रियों में से 280 लौट आए हैं; वे आर्मेनिया के रास्ते आए थे। तीन या चार और बचे हैं, जिनके भी एक या दो दिन में पहुंचने की उम्मीद है।

## केरल के लिए कांग्रेस ने 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, किसी भी सांसद को टिकट नहीं



**तिरुअनंतपुरम।** सीटों के बंटवारे को लेकर हंगामे और सांसदों की मांगों के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को केरल विधानसभा चुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें लोकसभा के किसी सदस्यों को टिकट नहीं मिला है।पार्टी ने अपनी पहली सूची में 55 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। केरल विधानसभा के 140 सदस्यों में से पार्टी 92 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि तीन निर्वाचन क्षेत्रों में वह उन बागी नेताओं को समर्थन देगी जिन्होंने माकपा से नाता तोड़ लिया है।दूसरी सूची कई दिनों की आंतरिक चर्चा के बाद आई है, जिसमें कन्नूर के सांसद के सुधाकरन की विधानसभा चुनाव लड़ने की मांग भी शामिल थी। एके एंटनी सहित वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद सुधाकरन पार्टी के फैसले का पालन करने के लिए सहमत हुए। टीओ मोहनन को कन्नूर से मैदान में उतारा गया है, यह सीट सुधाकरन ने मांगी थी। पार्टी ने अंबालापुझा, तालिपरम्बा, पय्यानूर और ओट्टापलम में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, जहां माकपा के विद्रोही नेता जी सुधाकरन, टी के गोविंदन, वी कुन्हीकृष्णन और पी के ससी मैदान में हैं। कांग्रेस ने त्रिपुनिथुरा और पेरुंबवूर को छोड़कर अपने अधिकांश मौजूदा विधायकों को बरकरार रखा है। पेरुंबवूर में, मौजूदा विधायक एल्डोज कुन्नापिल्ली को टिकट से वंचित कर दिया गया है, उनकी जगह मनोज मूथेदान को मैदान में उतारा गया है।

# छत्तीसगढ़ में जबरन धर्मांतरण पर अब आजीवन कारावास की सजा, विधेयक हुआ पास, सदन में गूंजे जय श्रीराम के नारे

**रायपुर, 20 मार्च [एजेंसी]।**



विधानसभा ने राज्य में अवैध मतांतरण की चुनौतियों से निपटने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक-2026 को गुरुवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।इसके तहत अब बलपूर्वक, प्रलोभन या धोखाधड़ी से कराए जाने वाले सामूहिक मतांतरण के दोषियों को आजीवन कारावास तक की कठोर सजा भुगतनी होगी। इस नए कानून में विशेष रूप से महिलाओं, नाबालिगों, अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के साथ होने वाले अवैध मतांतरण के मामलों में 20 वर्ष तक की कैद का सख्त प्रविधान किया गया है। साथ ही डिजिटल माध्यमों से दिए जाने वाले प्रलोभन को भी अपराध की श्रेणी में शामिल कर सभी संबंधित अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है।छह अध्यायों और 31 बिंदुओं में विस्तृत इस विधेयक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें पैतृक धर्म में वापसी को मतांतरण के दायरे से बाहर रखा गया है और इन गंभीर मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए प्रत्येक जिले में विशेष सत्र न्यायालय गठित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता और धार्मिक स्वतंत्रता को अवैध दखल से पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके। ये विधेयक छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 1968 की जगह लेगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय ने घोषणा की थी कि जबरन मतांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून लाया जाएगा।इसी के तहत गृह मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 2026 पेश किया। इसके लिए जैसे ही विजय शर्मा ने आसंदी से अनुमति मांगी तब नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत ने इस पर आपत्ति जताई।महंत ने कहा कि 11 राज्यों के ऐसे ही कानून फिलहाल उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, इसलिए इस विधेयक पर सदन में जल्दबाजी में विचार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर समिति को भेजा जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की ओर से ऐसी कोई रोक नहीं है, जो राज्यों को इस तरह के कानून बनाने से रोकती हो।उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकारों को सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े मामलों पर कानून बनाने का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। इसके बाद विपक्ष ने सदन से बहिष्कार कर दिया। वहीं भाजपा विधायक ने जय श्रीराम के नारे लगाए।जो व्यक्ति मतांतरण करना चाहेगा, उसे प्राधिकृत अधिकारी के पास आवेदन करना होगा। इसके बाद उस व्यक्ति की जानकारी वेबसाइट, ग्राम पंचायत व संबंधित थाने में प्रदर्शित की जाएगी। 30 दिन के भीतर दावा आपत्ति व जांच की प्रक्रिया होगी। गवाहों से पूछताछ, शपथ पत्र व अन्य जानकारी ली जाएगी। इसके बाद वैध आवेदन घोषित किया जा सकेगा। वैध निर्धारित की तिथि से 90 दिन के भीतर मतांतरण नहीं हुआ तो इस आवेदन की प्रक्रिया समाप्त मानी जाएगी।

### फिल्म बनाना जोखिम भरा कारोबार, घाटा होने का मतलब धोखाधड़ी नहीं, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म उद्योग से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फिल्म बनाना एक जोखिम भरा कारोबार है और हर फिल्म के सफल होने की गारंटी नहीं होती। इसी के साथ कोर्ट ने एक फिल्म निर्माता के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के आपराधिक मामले को रद कर दिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी भी मामले में धोखाधड़ी साबित करने के लिए शुरुआत से ही धोखा देने की नीयत होना जरूरी है।केवल यह कहना कि बाद में पैसा वापस नहीं किया गया, अपने आप में आपराधिक इरादा साबित नहीं करता। कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह टिप्पणी की।मामला फिल्म निर्माता वी गणेशन से जुड़ा है, जिन्होंने फिल्म बनाने के लिए एक व्यक्ति से पैसे लिए थे। समझौते के अनुसार, निवेशक को मुनाफे में हिस्सा देने की बात कही गई थी। बाद में और पैसा लिया गया और कुल निवेश पर हिस्सेदारी तय की गई। फिल्म बनने और रिलीज होने के बाद भी निवेशक को पैसा नहीं मिला।

# बुलडोजर एक्शन: कड़ी सुरक्षा में NTPC विस्तार के लिए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का घर ढहाया, हजारीबाग में मचा सियासी घमासान

**हजारीबाग, 20 मार्च [एजेंसी]।**



एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना और पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद गुरुवार को निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया।भारी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक मौजूदगी के बीच जोरदाग गांव के झुमरी टांड़ स्थित योगेंद्र साव के आवास को जेसीबी और क्रेन की सहायता से जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई को लेकर सुबह से ही पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सुरक्षा घेरे के बीच दोपहर होते-होते मशीनों ने मकान को गिराना शुरू किया।मौके पर बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मुस्तैद रहे ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। ज्ञात हो कि हाल ही में इस परियोजना की सुरक्षा की कमान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंपी गई थी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो गई थी।कार्रवाई की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मौके पर पहुंचीं और सोशल मीडिया पर लाइव आकर प्रशासन व परियोजना अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय की अनुमति के बिना मनमाने ढंग से यह कार्रवाई की गई है।इस घर में उनकी माँ और पूर्व विधायक निर्मला देवी रह रही थीं। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाने और कॉरपोरेट के दबाव में की गई कार्रवाई बताया। वहीं, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने भी वीडियो जारी कर राज्य सरकार और एनटीपीसी पर निशाना साधा। उन्होंने इसे अबुआ सरकार की मनमानी बताते हुए कहा कि कॉरपोरेट हितों के लिए पहले उनका कारखाना और अब घर उजाड़ा गया है।

दूसरी ओर, परियोजना अधिकारियों ने इस कार्रवाई को पूरी तरह विधिसम्मत बताया है।

अधिकारियों के अनुसार चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के विस्तार के लिए इस भूमि का अधिग्रहण अनिवार्य था। संबंधित भूमि और भवन के मुआवजे की राशि (लगभग 1 करोड़ 97 लाख रुपये) पूर्व में ही रांची न्यायाधिकरण में जमा कराई जा चुकी है।बता दें कि इससे पहले 1 अगस्त 2025 को भी योगेंद्र साव की फायर ब्रिक्स यूनिट को ध्वस्त किया गया था, जिसके बाद से क्षेत्र में लगातार आंदोलन और धरना प्रदर्शन चल रहे थे। इस विवाद के कारण कोयला परिवहन और खनन कार्य प्रभावित होने से टंडवा स्थित बिजली उत्पादन इकाइयों पर भी असर पड़ा है।

### बिहार में महंगा हुआ पेट्रोल! कीमतों में 2 का इजाफा, सुबह से नई दरें लागू

**पटना।** पेट्रोलियम कंपनियों ने स्पीड (प्रीमियम) पेट्रोल के दाम में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। बढ़ी हुई दरें शुक्रवार सुबह 6.00 बजे से लागू हो जाएंगी। अब यह पेट्रोल 114.14 रुपए मिलेगा।कंपनियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और परिचालन लागत में वृद्धि के कारण यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल के दामों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्पीड पेट्रोल मुख्य रूप से हाई-परफार्मेंस और प्रीमियम वाहनों में इस्तेमाल होता है, लेकिन इसकी कीमत बढ़ने से आम उपभोक्ताओं पर भी अप्रत्यक्ष असर पड़ने की संभावना है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि नई दरें लागू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है और शुक्रवार सुबह से ही उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई कीमत पर पेट्रोल मिलेगा।

# सोना 11000 टूटा, चांदी 34000 लुढ़की, लोअर सर्किट से हाहाकार, एक्सपर्ट बोले- और गिरेंगे दाम!

**नईदिल्ली, 20 मार्च [एजेंसी]।**

सोने-चांदी में आज ऐसा भारी क्रैश देखने को मिला, जिसने निवेशकों को हिला कर रख दिया। गोल्ड करीब 11,000 टूटा और चांदी 34,000 तक गिर गई। हालात इतने बिगड़े कि एमसीएक्स पर दोनों में लोअर सर्किट लग गया। शाम तक बाजार पूरी तरह दबाव में दिखा। अजय केडिया ने तो इसे ब्लड बाथ जैसी स्थिति तक करार दे दिया। उन्होंने बताया कि गिरावट की शुरुआत तब हुई, जब सोना 1,47,000 के अहम सपोर्ट लेवल के नीचे फिसल गया। जैसे ही यह स्तर टूटा, बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई और कीमतें तेजी से नीचे लुढ़क गईं। एमसीएक्स पर अप्रैल 2026 डिलीवरी वाले गोल्ड में 6.87त्न की बड़ी गिरावट दर्ज हुई। कीमत 10,509 गिरकर 1,42,516 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।दिन के दौरान सोने का हाई 1,52,449 रुपये और लो 1,41,121 रुपये रहा। पिछले क्लोज 1,53,025 रुपये के मुकाबले देखें तो सोना करीब 11,904 तक सस्ता हो चुका है।चांदी की हालत और भी खराब रही। मई 2026 डिलीवरी वाली चांदी में करीब 13 प्रतिशत की गिरावट आई और कीमत 32,128 टूटकर 2,16,066 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। दिन में इसका हाई 2,45,674 रुपये और लो 2,14,212 रुपये रहा। पिछले क्लोज 2,48,128 रुपये के मुकाबले चांदी करीब ?33,982 तक गिर चुकी है।इस भारी गिरावट की मुख्य वजह ग्लोबल फैक्टर्स हैं। मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर इंडेक्स की मजबूती ने सोना-चांदी पर जबरदस्त दबाव बनाया है।

इसके अलावा महंगाई के बने रहने की चिंता के चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद भी कमजोर हो गई है, जिससे सेफ हेवन माने जाने वाले सोना-चांदी की मांग घटी है। फेड की सख्ती और मजबूत डॉलर ने सोने-चांदी को नीचे धकेल दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि दुबई जैसे सुरक्षित बाजारों में हाल की घटनाओं से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है, जिसके कारण वहां सोना डिस्काउंट पर बिक रहा है। केडिया ने एक अहम ऐतिहासिक ट्रेंड भी बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध या तनाव के समय शुरुआत में सोना-चांदी गिरते हैं और बाद में तेजी आती है। यानी मौजूदा गिरावट को शॉर्ट टर्म करेक्शन के तौर पर भी देखा जा सकता है।

# करोड़ों की लागत से बना ओडिशा का दूसरा बड़ा कोल्ड स्टोरेज अब कबाड़, चोरों ने बेच दी मशीनें

**राउरकेला, 20 मार्च [एजेंसी]।**



किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों की मजबूरी में सस्ते दाम पर बिक्री रोकने के उद्देश्य से सुंदरगढ़ जिले के कुआरमुंडा ब्लॉक में राज्य का दूसरा बड़ा शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) स्थापित किया गया था। डेयरी फार्म के पास लगभग 2 एकड़ जमीन पर उद्यानिकी विभाग द्वारा बनाया गया यह शीतगृह अब खंडहर में बदल चुका है। पिछले कई वर्षों में एक के बाद एक सहायक उद्यान निदेशक यहां आकर स्थिति का निरीक्षण कर चुके हैं और 12 हजार टन क्षमता वाले नए शीतगृह की स्थापना का प्रस्ताव भी दिया गया, लेकिन आज तक सरकार की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एक समय था जब कुआरमुंडा का यह शीतगृह केवल सुंदरगढ़ ही नहीं, बल्कि पड़ोसी झारखंड के सैकड़ों किसानों के लिए भी बहुत उपयोगी था। यहां मौजूद विभिन्न मशीनों को चोरों ने काटकर बेच दिया है। गोदाम की खिड़कियां, दरवाजे, यहां तक कि फर्श की टाइलें भी उखाड़कर ले जाई गई हैं। अब केवल कुछ जर्जर कमरे ही बचे हैं और चारों ओर जंगल झाड़ी उग आया है। पानपोष उद्यानिकी विभाग द्वारा यहां नया शीतगृह बनाने की कई बार योजना बनाई गई, लेकिन वह फाइलों में ही दबकर रह गई। पहले यहां नुआगांव के सब्जी उत्पादक किसानों की सैकड़ों टन सब्जियां सुरक्षित रखी जाती थीं और यहां से पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि आंध्र प्रदेश तक भेजी जाती थीं। अब शीतगृह नहीं होने के कारण नुआगांव के सैकड़ों किसान हर साल अपनी उपज को मजबूरी में सस्ते दाम पर बेचने को मजबूर हैं। कड़ी मेहनत से हजारों क्विंटल सब्जियों का उत्पादन करने के बावजूद उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। लगभग 5 वर्ष पहले पूर्व सरकार ने नुआगांव के किसानों के प्रति तत्परता दिखाई थी। शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) के लिए लगभग चार एकड़ से अधिक जमीन पर घेराबंदी (बाउंड्री वॉल) का निर्माण किया गया। लेकिन आज तक न तो गोदाम का निर्माण हुआ और न ही शीतगृह की मशीनें लगाई जा सकीं।किसान और स्थानीय नेताओं ने बार-बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया, फिर भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। यह प्रस्तावित शीतगृह केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। यह परियोजना अब केवल घेराबंदी तक ही सीमित रह गई है।

बिसरा, लाठीकटा, कुआरमुंडा, राजगांगपुर आदि ब्लॉकों के सब्जी उत्पादक किसानों को भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कुआरमुंडा में उद्यान विभाग की दो एकड़ जमीन पर नए शीतगृह निर्माण के लिए पूर्व सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। यदि 5 से 12 हजार टन क्षमता वाला शीतगृह बनाया जाता है, तो यह व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी पूर्ण क्षमता संपन्न हो सकता है।

### चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, तमिलनाडु में मतदान के दिन सभी निजी कंपनियों में रहेगा अनिवार्य अवकाश

**चेन्नई।** आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सभी निजी प्रतिष्ठानों, जिनमें कंपनियों को मतदान के दिन कर्मचारियों को अवकाश देने का निर्देश दिया। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव 23 अप्रैल को होने हैं और मतगणना चार मई को होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के दिन वेतन सहित अवकाश दिया जाना चाहिए। यह निर्देश निजी संगठनों में कार्यरत सभी पात्र मतदाताओं पर लागू होगा। चाहे उनका कार्य किसी भी प्रकार का हो।अधिकारियों के अनुसार, यह निर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है जिससे मतदाता बिना किसी भी बाधा के अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग कर सकें। आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि किसी भी मतदाता को व्यावसायिक दायित्वों या वेतन हानि के डर से मतदान के अवसर से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

### झारखंड में चोरी के शक में युवक को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के कानू भट्ठा इलाके में भीड़ तंत्र (माब जस्टिस) का खौफनाक चेहरा सामने आया है। यहां चोरी के संदेह में एक घर में घुसे युवक को स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ दबोच लिया। भीड़ ने उसे पुलिस के हवाले करने के बजाय कानून अपने हाथ में लिया और एक खंभे से बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस अमानवीय घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कानू भट्ठा में एक संदिग्ध युवक चोरी के इरादे से एक मकान में दाखिल हुआ था। आहट होने पर परिवार और पड़ोसियों की नींद खुल गई और उन्होंने उसे घेर लिया। खुद को फंसता देख युवक ने मौके से भागने की भरपूर कोशिश की, लेकिन भीड़ के आगे उसकी एक न चली। आक्रोशित लोगों ने उसे बीच सड़क एक खंभे से बांध दिया और लात-घूंसों से जमकर पीटा। वायरल हो रहे वीडियो में भीड़ द्वारा युवक के साथ की जा रही मारपीट साफ तौर पर देखी जा सकती है।इस बाबत सिदगोड़ा थाना प्रभारी मो. कैफ ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिल चुकी है। हालांकि, अब तक न तो मकान मालिक ने और न ही मारपीट के शिकार युवक ने थाने पहुंचकर कोई लिखित शिकायत दी है। इसके बावजूद पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। अंदेशा जताया जा रहा है कि पकड़ा गया युवक कोई पेशेवर चोर हो सकता है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो जिस मकान में युवक घुसा था, वह पंचम भुइयां का है। इलाके में दबी जुबान में चर्चा है कि इस घर से कथित तौर पर गांजे का अवैध कारोबार संचालित होता है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि यदि युवक चोर था, तो उसे पुलिस के हवाले क्यों नहीं किया गया।

# ऋतिक रोशन और प्राइम वीडियो की नई पारी, मेस के लिए आए साथ, किया कॉमेडी फिल्म का एलान





प्राइम वीडियो की यह आने वाली ऑरिजनल फिल्म मेस, ऋतिक रोशन और ईशान रोशन द्वारा उनके बैनर एचआरएक्स फिल्म्स (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के तहत बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में राजेश ए. कृष्णन की सोडा फिल्म्स लैब भी उनके साथ जुड़ी है. राजेश ए. कृष्णन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म का प्रोडक्शन जल्द ही शुरू होने वाला है.

प्राइम वीडियो ने आज अपनी आने वाली प्राइम ओरिजिनल फिल्म मेस का एलान किया है. यह कॉमेडी फिल्म स्ट्रीमिंग सर्विस और एचआरएक्स फिल्म्स (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के बीच दूसरा कोलैबोरेशन है, इससे पहले थ्रिलर सीरीज स्टॉर्म का एलान हो चुका है.

ऋतिक रोशन और ईशान रोशन द्वारा एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले और राजेश ए कृष्णन की सोडा फिल्म्स लैब के साथ मिलकर बनाई गई इस फिल्म का निर्देशन खुद कृष्णन ही कर रहे हैं. इस फिल्म की ओरिजिनल पटकथा अमेरिकी लेखक पॉल सोटर ने लिखी है, जबकि अडैप्टेड स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स कपिल सावंत ने लिखे हैं.

मेस की कहानी लुटेरों के एक ऐसे अजीबोगरीब ग्रुप के बारे में है, जो एक ओसीडी से पीड़ित आदमी के घर में घुस जाते हैं. धीरे-धीरे उन्हें एहसास होता है कि खतरा उस परिवार को नहीं, बल्कि खुद उन्हें है और इस रात भर चलने वाली खींचतान में उनका बचना मुश्किल है.

निखिल मधोक (डायरेक्टर और हेड ऑफ ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो इंडिया) ने कहा, एक अच्छी कहानी की पहचान यह है कि वह आपको हैरान कर दे और अंत तक आपका मनोरंजन करे. मेस के साथ हमारे पास एक ऐसी कहानी है जो न सिर्फ यह सब करती है, बल्कि आपको हर मोड़ पर हंसाती भी है. उन्होंने आगे बताया, इस फिल्म का कॉन्सेप्ट बहुत ही नया और फ्रेश है और इसके किरदार भी काफी मजेदार हैं.

ऋतिक और ईशान, अपनी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स के जरिए, कहानी कहने की एक गहरी समझ और जुनून साथ लाते हैं. स्टॉर्म के बाद, इस फिल्म के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है. राजेश ए. कृष्णन इस जॉनर (कॉमेडी) के माहिर खिलाड़ी हैं और हमें यकीन है कि मेस एक ऐसी फिल्म साबित होगी जिसे भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के दर्शक पसंद करेंगे.

प्रोड्यूसर ऋतिक रोशन ने कहा, स्टॉर्म के साथ प्राइम वीडियो के साथ एक खास सफर की शुरुआत हुई थी और मेस हमारी कंपनी एचआरएक्स फिल्म्स के लिए एक अगला और स्वाभाविक कदम है. उन्होंने आगे कहा, प्राइम वीडियो के साथ हमारी साझेदारी ने हमें कुछ अलग और नया कर दिखाने का मौका दिया है, और यह प्रोजेक्ट उसी सोच को पूरी तरह से दर्शाता है. राजेश (राजेश ए. कृष्णन) एक प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के तौर पर अपनी एक अलग पहचान रखते हैं. उनके पास कॉमेडी को एक बेहतरीन कहानी के साथ जोड़ने का शानदार हुनर है. मेस के लिए उनका नजरिया शुरू से ही कमाल का रहा है. जैसे-जैसे फिल्म का काम आगे बढ़ रहा है, मैं और ईशान इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं. हमारा मानना है कि यह फिल्म उन दर्शकों को बहुत पसंद आएगी जो लीक से हटकर और नई तरह की कहानियों को देखना पसंद करते हैं. इस आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए राजेश ए. कृष्णन ने कहा, कपिल के साथ मिलकर मेस को तैयार करना वाकई एक शानदार अनुभव रहा है. उनके साथ फिर से काम करना बहुत अच्छा लगा. इस फिल्म की दुनिया कॉमेडी और अफरा-तफरी का एक रोमांचक मेल है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए काफी है.

यह फिल्म मेरे लिए क्रिएटिव तौर पर बहुत संतोषजनक रही है. उन्होंने आगे कहा, ऋतिक और ईशान ने अपनी समझ और भरोसे से इस फिल्म को और बेहतर बनाया है और हमारे पास काम करने के लिए एक ड्रीम कास्ट है. अब जब हम प्रोडक्शन की तरफ बढ़ रहे हैं, तो मैं एचआरएक्स फिल्म्स और प्राइम वीडियो के सपोर्ट के लिए शुक्रगुजार हूं. मुझे पूरा यकीन है कि इस फिल्म को रिलीज के लिए बिल्कुल सही प्लेटफॉर्म मिला है. जैसे-जैसे फिल्म का काम आगे बढ़ेगा, इससे जुड़ी और भी जानकारी जल्द ही सामने आएगी.

## धुरंधर 2 का नया गाना मैं और तू रिलीज, लोग भूले अक्षय खन्ना का एंट्री सॉन्ग और शरारत, रणवीर सिंह ने मचाई तबाही



आदित्य धर के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर: द रिवेंज का इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं. इसी बीच फिल्म का नया गाना मैं और तू रिलीज कर दिया गया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है. मैं और तू एक ऐसा गाना है, जो लोगों के दिल को छू लेगा. जानेमन, जानेमन, तू जाएगा कहां, तू है नूर-ए-नजर मेरी, दिल मेरा तुझपे फिदा जैसे बोल इस गाने को खास बनाते हैं. इसे जैस्मीन सैंडलस, रिबेल और शाश्वत सचदेव ने अपनी दमदार आवाज में पिरोया है. वीडियो में रणवीर सिंह तबाही बनकर आते नजर आ रहे हैं. वह हथियारों और धमाकों से दुश्मन को खाक में मिलाते दिख रहे हैं. गाने में संगीत भी शाश्वत ने दिया है, जबकि इसे जैस्मिन और रिबेल ने मिलकर लिखा है. आवाज और संगीत का मेल सीधे दिल तक पहुंचता है. बता दें, हाल ही में फिल्म का टाइटल ट्रैक आरी आरी रिलीज किया गया था, जो कि बॉम्बे रॉकर्स के हिट गाने का रीमेक था. गाने के रिलीज होते ही फैंस की प्रतिक्रियाएं भी तेजी से सामने आने लगी हैं. सोशल मीडिया पर लोग इस गाने की जमकर तारीफ कर रहे हैं. अगर फिल्म की बात करें तो धुरंधर: द रिवेंज इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है. इसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं, जिनका किरदार पहले पार्ट में ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुका है. इस बार उनका किरदार ज्यादा दमदार और गहराई से भरा हुआ नजर आने वाला है. फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का निर्देशन आदित्य धर ने किया है, जबकि निर्माता आदित्य के अलावा लोकेश धर और ज्योति देशपांडे हैं. धुरंधर 2 की खास बात यह है कि इसमें एक्शन, इमोशन और ड्रामा का शानदार मेल देखने को मिलेगा. फिल्म की कहानी को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बनी हुई है.



## द केरल स्टोरी 2' फेम उल्का गुप्ता का स्मिता पाटिल से खास रिश्ता, साझा किया 16 साल पुराना एयरपोर्ट का किस्सा

द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड फेम एक्ट्रेस उल्का गुप्ता ने एक बातचीत में एक्ट्रेस स्मिता पाटिल से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। उन्होंने उस वक्त को याद किया जब वो एयरपोर्ट पर स्मिता के पैरेंट्स से मिली थीं। एक्ट्रेस उल्का गुप्ता ने वरिंदर चावला की टीम से हुई बातचीत में 16 साल पुराना किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, जब मैं 11-12 साल की थीं और टीवी शो झांसी की रानी' के लिए शूट कर रही थीं तब एक बार एयरपोर्ट पर मेरी मां को किसी महिला ने रोका। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि मैं उनकी बेटी जैसी दिखती हूं। वो काफी देर तक मेरी मां से बात करती रहीं और बातों ही बातों में हमें पता चला कि वो दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की मां थीं। उस दिन मैं यह जानकर बेहद खुश थी कि मैं स्मिता पाटिल जैसी दिखती हूं।' उल्का ने आगे बताया, इसके बाद स्मिता के पैरेंट्स ने मुझे और मेरी को अपने घर पर बुलाया। उन्होंने हमें स्मिता पाटिल जी के स्मृति दिवस पर भी आमंत्रित किया था। यह मेरे जीवन का सबसे खास अनुभव था।'

उल्का गुप्ता ने पहली बार टीवी सीरियल झांसी 'की रानी' में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री का रुख किया। साल 2018 में वो रणवीर सिंह के साथ फिल्म सिम्बा' में भी नजर आई थीं। हाल ही में उन्होंने बतौर लीड एक्ट्रेस फिल्म द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड में काम किया।

## स्वयंभू में निखिल के किरदार की ताकत है सुंदरावली: नाभा नतेश



भारतीय सिनेमा में इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, लेकिन उनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है स्वयंभू... फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह एक बहादुर योद्धा ने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदली। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ एक्ट्रेस नाभा नतेश भी मुख्य किरदार में हैं। नाभा ने बताया कि उनका किरदार सुंदरावली निखिल के किरदार का बैकबोन है। नाभा नतेश ने कहा, मेरा किरदार सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है और वह उसी गांव में बड़ी हुई है, जहां निखिल का किरदार रहता है। सुंदरावली निखिल के किरदार को गहराई से समझती है और उसके हर उतार-चढ़ाव को जानती है। उन्होंने आगे कहा, मेरा किरदार इस बात का प्रतीक है कि किसी की सफलता के पीछे हमेशा ऐसे लोग होते हैं, जो बिना दिखाए समर्थन करते हैं। सुंदरावली निखिल के किरदार के सबसे कठिन समय में उसके पास आती है और उसे विश्वास देती है कि वह फिर से उठकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है। यही क्षण कहानी में महत्वपूर्ण मोड़ लाता है और हीरो अपनी मंजिल की ओर बढ़ता है। फिल्म स्वयंभू को भुवन और श्रीकर ने पिक्सेल स्टूडियो के बैनर तले प्रोडक्शन किया है और इसे टैगोर मधु ने प्रस्तुत किया है। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस में पहले से ही उत्सुकता है। निखिल सिद्धार्थ ने फिल्म के लिए वियतनाम में मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग ली। इतना ही नहीं, उन्होंने तलवारबाजी में इतनी महारत हासिल की कि वे दोनों हाथों से तलवार चला सकते हैं।

## गर्मियों के दौरान साड़ी पहनते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान

गर्मियों के दौरान साड़ी पहनना कुछ महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि गर्मी और उमस के कारण वे असहज महसूस करती हैं। हालांकि, सही कपड़े और स्टाइलिंग से आप इस पारंपरिक परिधान में भी आरामदायक और स्टाइलिश महसूस कर सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों में भी साड़ी पहनने का आनंद ले सकती हैं।

हल्के कपड़े का करें चयन

गर्मियों में साड़ी पहनते समय हल्के और सांस लेने वाले कपड़े का चयन करना सबसे जरूरी है। सूती, लिनेन और जॉर्जेट जैसी साड़ियां इस मौसम के लिए बेहतरीन विकल्प होती हैं। ये कपड़े न केवल हल्के होते हैं, बल्कि इनमें पसीना सोखने की क्षमता भी होती है, जिससे आप ताजगी महसूस करेंगी। इसके अलावा ये कपड़े गर्मी में शरीर को ठंडा रखते हैं और पहनने में भी आरामदायक होते हैं।



हल्के रंगों का करें चयन

गर्मियों में हल्के रंगों की साड़ी पहनना एक अच्छा विचार हो सकता है। हल्के गुलाबी, हरा, पीला या नीला इस मौसम में बहुत अच्छे लगते हैं। ये रंग न केवल आपको ताजगी देंगे, बल्कि धूप में भी आपको ठंडक का अहसास कराएंगे। इसके अलावा हल्के रंगों की साड़ियां पहनकर आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं और आपका लुक भी खास लगेगा।

कम गहनों का करें उपयोग

गर्मियों में भारी गहने पहनना असहज हो सकता है इसलिए इसे कम से कम रखें। हल्के झुमके या छोटे हार पहनें ताकि आपका लुक साधारण और आकर्षक लगे। अगर आप चाहें तो हाथों में पतले कंगन या चूड़ियां भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे। इसके अलावा आप बिना भारी गहनों के भी सुंदर दिख सकती हैं और गर्मी में असहजता से बच सकती हैं।

हेयरस्टाइल पर दें ध्यान

गर्मियों में बालों को संभालना मुश्किल हो सकता है, खासकर अगर आपके बाल लंबे हों। इसलिए हेयरस्टाइल ऐसी चुनें, जो सरल हो और लंबे समय तक टिके रहे। पोनीटेल, बन या चोटी जैसी हेयरस्टाइल्स इस मौसम के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। इसके अलावा आप बालों को खुला रखने के लिए हल्की पिनअप स्टाइल भी अपना सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इन सरल हेयरस्टाइल्स से आप गर्मियों में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। जूते का चयन करते समय आरामदायक होना जरूरी है। चप्पलें या फ्लैट सैंडल्स पहनें ताकि चलने में कोई दिक्कत न हो और पैरों में पसीना भी कम आए। अगर आप चाहें तो हल्के हील्स भी पहन सकती हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि वे आरामदायक हों। इस तरह आप गर्मियों में भी साड़ी पहनकर स्टाइलिश दिख सकती हैं और साथ ही आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

# ज्यादा पसीना आता है? इन तरीकों से पसीना हो सकता है कम

अधिक पसीना आना एक आम समस्या है, जो कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या खासकर गर्मियों में अधिक होती है, लेकिन कुछ घरेलू उपायों से आप इसे कम कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनसे आप अपने शरीर के पसीने को नियंत्रित कर सकते हैं और अधिक आरामदायक महसूस कर सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप गर्मियों में भी तरोताजा महसूस करेंगे।



पानी का सेवन बढ़ाएं

अधिक पानी पीने से आपके शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और पसीना कम आता है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की कोशिश करें।

इसके अलावा आप नींबू पानी, नारियल पानी या ताजे फलों का रस भी ले सकते हैं। इससे न केवल आपका शरीर ताजगी महसूस करेगा, बल्कि आप तरोताजा भी रहेंगे। पसीना कम करने के लिए ठंडे पानी का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है।

हल्का और ढीला कपड़ा पहनें

गर्मियों में हल्के और ढीले कपड़े पहनना बहुत जरूरी है ताकि हवा आसानी से आपके शरीर तक पहुंच सके और पसीना जल्दी सूख सके। सूती या लिनन के कपड़े सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये त्वचा को सांस लेने देते हैं और पसीने को जल्दी सोख लेते हैं। इसके अलावा हल्के रंगों के कपड़े धूप को कम अवशोषित करते हैं, जिससे आप ठंडा महसूस करते हैं। इसलिए अपने कपड़ों में ऐसे कपड़ों को प्राथमिकता दें। पसीने की बदबू रोकने वाला स्प्रे- पसीने की बदबू और उसके प्रभाव को कम करने के लिए एक अच्छा पसीने की बदबू रोकने वाला स्प्रे बहुत जरूरी है। रोजाना नहाने के बाद अपने हाथों और पैरों पर विशेष ध्यान देते हुए स्प्रे लगाएं, खासकर उन जगहों पर जहां पसीना अधिक आता है। इसके अलावा आप एंटी-परस्पिरेंट स्प्रे का भी उपयोग कर सकते हैं, जो पसीने को कम करने में मदद करते हैं।

नींबू का रस प्राकृतिक रूप से शरीर के संतुलन को बनाए रखता है, जिससे बैक्टीरिया पनप नहीं पाते और बदबू नहीं आती। नहाने के बाद या सोने से पहले अपने हाथों और पैरों पर नींबू का रस लगाएं। इसे कुछ देर सूखने दें और फिर धो लें।

यह उपाय आपकी त्वचा को ताजगी देगा और पसीने की बदबू को दूर रखेगा। नियमित उपयोग से आप इस समस्या से काफी हद तक राहत पा सकते हैं।

बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें

बेकिंग सोडा एक प्रभावी घरेलू उपाय है, जो त्वचा की नमी को सोखता है और बदबू को दूर करता है। अपने हाथों और पैरों पर थोड़ी मात्रा में बेकिंग सोडा छिड़कें और कुछ मिनट छोड़ दें, फिर इसे धो लें। इससे आपकी त्वचा साफ रहेगी और बदबू नहीं आएगी। इन सभी घरेलू उपायों को अपनाकर आप अपने शरीर के पसीने को नियंत्रित कर सकते हैं और गर्मियों में तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -347

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# भरतपुर में जारी है पशु तस्करी का अवैध कारोबार

**एमसीबी,जनकपुर।** पुलिस द्वारा विगत वर्षों में पशु तस्करों पर लगातार की गई कार्रवाई के बावजूद भरतपुर ब्लाक में पशु तस्करी का कारोबार नहीं थम रहा है। गत दिवस जनकपुर थाना अंतर्गत कुंवारपुर पुलिस द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत तोजा के ग्राम आरा के नवाटोला में 07 भैंस पड़ा को बरामद कर लिया, लेकिन संलिप्त पिकअप वाहन और तस्कर फरार हो गए जिन्हें पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने बरामद किए गए भैंस पड़ा को देखरेख के लिए ग्राम पंचायत तोजा के सरपंच को सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया है। विदित हो कि विगत वर्ष भरतपुर ब्लाक अंतर्गत जनकपुर थाना एवं कोटाडोल थाना क्षेत्र से पशु तस्कर आए दिन पशुओं को जंगल के रास्ते पैदल ले जाया करते थे, लेकिन पुलिस द्वारा मुस्तैदी से धर पकड़ करके पैदल पशु तस्करी पर लगाम तो लगा दिया गया। जिससे क्षेत्र के पशु तस्कर पशुओं को पैदल ले जाना छोड़कर अब ट्रक एवं पिकअप वाहन में पशुओं को भरकर फर्राटा भरते हुए क्षेत्र से गुजरने लग गए। ऐसा ही मामला गत दिवस पशु तस्करी का सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार

16 मार्च 2026 को सुबह लगभग 04 बजे कुंवारपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम



### 07 भैंस पड़ा बरामद, संलिप्त पिकअप सहित तस्कर फरार

पंचायत तोजा के ग्राम आरा के नवाटोला में कटहरधार नाला के नजदीक सड़क किनारे गड्ढा में एक पिकअप वाहन फंसा हुआ था। पिकअप वाहन में 07 रास भैंस भैसी व पड़ा ठूस ठूसकर भरे हुए थे। जिसे नवाटोला के ग्रामीणों राजकुमार, शिवकुमार, रामभजन ने देखा और ग्राम आरा निवासी रामू को फोन करके जानकारी दिए। इस दौरान स्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई थी, रामू भी स्थल पर पंहुचा और उत्सुकतावश



पिकअप का फोटो खींच लिया।इसी दौरान पशु तस्कर एक वैन वाहन में स्थल पर पंहुचा और गांव के एक ट्रेक्टर से पिकअप को खिचवाकर गड्ढा से बाहर निकलवाकर भगा दिया। और पशु तस्कर भी भैंस पड़ा को वहीं छोड़कर वैन में बैठकर फरार हो गया। सूत्रों के मुताबिक इस कारोबार में ग्राम खाड़ाखोह निवासी तीरथ जोगी सहित बाहरी व्यापारी भी संलिप्त है। सूत्रों के अनुसार जानकारी मिली है कि 15 एवं 16 मार्च की दरम्यानी रात को पशु तस्कर 04 पिकअप वाहन में ठूस ठूसकर मवेशियों को भरकर क्षेत्र से होते हुए शहडोल जिला के सीधी थाना अंतर्गत ग्राम कुदरी ले जा रहे थे।

सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि पशु तस्करी में संलिप्त चारों पिकअप वाहन सबसे पहले क्षेत्र के ग्राम चुटकी स्थित बाबू ढाबा में आकर रुके और ग्राम बहरासी होते हुए कुंवारपुर की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान सामने से एक वाहन आते हुए देखकर पुलिस होने की शंका से डर गए और सबसे आगे चलने वाला पिकअप वाहन को चालक ने सड़क से नीचे उतार दिया जिससे वाहन गड्ढा में फंस गया और ग्रामीणों के नजर में आ गया। अन्य तीन वाहन सुरक्षित वापस होकर वहां से भाग गए थे जिनका सुराग लगाने में पुलिस जुटी हुई है। हालांकि सड़क किनारे गड्ढा में फंसी हुई पिकअप से उतारे गए 07 रास भैंस, भैसी व पड़ा को ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंची कुंवारपुर पुलिस ने बरामद कर ग्राम पंचायत तोजा के सुपुर्दगी में दे दिया और फरार पशु तस्कर व पशु तस्करी में संलिप्त चारों पिकअप वाहन की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# प्रधानमंत्री आवास की पक्की छत से सुकून की जिंदगी बिता रहा प्राणसाय का परिवार

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को निरंतर उनके सपनों का आशियाना मिल रहा है। कोरिया जिले में मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगे ग्राम पंचायत आमापारा में रहने वाले श्री प्राण साय भी उन्ही हितग्राहियों की सूची में शामिल हैं जिनके परिवार के सपनों का पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बनकर तैयार हो गया है। अब पूरा परिवार प्रधानमंत्री आवास की पक्की छत के नीचे सुकून से जीवन व्यतीत कर रहा है। ग्राम पंचायत आमापारा के निवासी प्राण साय, पिता शिवप्रसाद, एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनका परिवार कुल 6 सदस्यों का है, जो वर्षों से खेती-किसानी और मजदूरी के सहारे अपना जीवन यापन कर रहा है।खेती से मिलने वाली सीमित आय मौसम पर निर्भर रहती और मनरेगा के होने वाले ग्राम पंचायत में उपलब्ध कार्यों से आय के साधन भी सीमित ही रहते। ऐसे मे पक्के मकान का सपना केवल सपना ही था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हमेशा मेहनत और ईमानदारी से जीवन यापन करने वाले हितग्राही प्राणसाय का पूरा परिवार पहले एक कच्चे मकान में रहता था। यह मकान बारिश के मौसम में बहुत असुरक्षित हो जाता था। छत से पानी टपकना, दीवारों का कमजोर होना और घर के अंदर पानी भर जाना जैसी समस्याएं आम थीं। हर साल बरसात



उनके लिए चिंता और परेशानी लेकर आती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही प्राण साय ने अपने पक्के आवास निर्माण के दौरान परिवार सहित मेहनत की और मनरेगा योजना के अंतर्गत उन्हें 90 दिनों की मजदूरी भी प्राप्त हुई। प्राणसाय के लिए यह केवल एक घर नहीं, बल्कि उनके सपनों का साकार रूप भी है। अब उनका परिवार सुरक्षित छत के नीचे रह रहा है। बारिश का मौसम अब उनके लिए डर का कारण नहीं, बल्कि सुकून का समय बनकर आएगा। प्राणसाय प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि सपनों का आवास पूरा होने के बाद उनके जीवन में और पूरे परिवार में सकारात्मक बदलाव आया है। बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिला, परिवार के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और सामाजिक स्तर पर भी उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।



## 250 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित, योग व पारंपरिक चिकित्सा के प्रति बढ़ी जागरूकता

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर ग्राम पंचायत नगर, ग्राम मझगवां, वार्ड क्रमांक 07 चरचा एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सोनहत में आयोजित किए गए, जिनमें 250 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविरों का उद्देश्य आयुष सेवाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही राष्ट्रीय आयुष स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं मौसम के अनुसार आहार-विहार की जानकारी भी दी गई। शिविरों में ग्रामीणों के बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा मौसमी एवं सामान्य बीमारियों के उपचार हेतु नि:शुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही योगाभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग करने की सलाह दी। स्थानीय जनसहयोग से शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे शिविरों की अपेक्षा जताई।

# वीबीजीरामजी के लिए जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से लें:श्रीमती चंदन

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक लेकर कलेक्टर के दिए निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत के मंथन कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मनरेगा से उन्त होकर ग्रामीण विकास की नई योजना वीबीजीरामजी के कार्यों के चयन, प्रधानमंत्री आवास योजना की ग्राम वार प्रगति के साथ जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित सभी जनपद पंचायतों के मैदानी अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद पंचायतों से आए तकनीकी अमले और ग्राम





पंचायत सचिवों को वीबीजीरामजी योजना पर निर्देशित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल पर जल संरक्षण और जल संचय के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से इंट्री करें जिससे नए वित्तीय वर्ष से आगामी वर्षा ऋतु तक जल रोकने के लिए बड़ी संख्या में कार्य कराए जा सकें। साथ ही उन्होने आगामी 10 दिवस में सभी मनरेगा कार्यों के पूर्णता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होने मनरेगा के स्वीकृत प्रगतिरत और पूर्ण हो रहे प्रत्येक कार्यों का चिन्हांकन कर उनकी आवश्यकता और प्रगति के अनुसार राज्य के निर्देशानुसार आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की निरंतरता बनाए रखने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छता दीदियों को पारिश्रमिक का नियमित समय पर भुगतान करने तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों खासकर सभी स्वीकृत सोख्ता गड्ढों के निर्माण कार्य को मार्च माह में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया। जनपदों में लंबित सभी पूर्णता प्रमाण पत्र और उनके देयक 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से जिला पंचायत में जमा कराने के निर्देश दिए गए। पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को स्वच्छता कार्यों की नियमित निगरानी करने के लिए निर्देशित किया गया।

## रामानुजगंज में गैस जांच के दौरान विवाद, एक पक्ष पर एफआईआर दर्ज

**बलरामपुर।** रामानुजगंज क्षेत्र में बुधवार शाम गैस सिलेंडर जांच के दौरान प्रशासनिक टीम और स्थानीय यूट्यूबर के बीच विवाद का मामला सामने आया है। घटनाक्रम इतना बढ़ गया कि मामला थाना तक पहुंचा, जहां दोनों पक्षों ने आवेदन दिया, हालांकि पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 मार्च को शाम करीब 5 बजे सहायक खाद्य अधिकारी चम्पाकली दिवाकर तहसीलदार के वाहन से पुलिस टीम के साथ 12वीं बटालियन पेट्रोल पंप के पास स्थित सूरज ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की जांच करने पहुंचीं। जांच के दौरान मौके पर मौजूद यूट्यूबर राहुलजीत सिंह अपने साथियों वतन गुप्ता और शशांक अग्रवाल के साथ वीडियो बनाने लगे। राहुलजीत सिंह का कहना है कि उन्होंने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए और छोटे होटल व्यवसायियों पर हो रही कार्रवाई का कारण पूछा। आरोप है कि वीडियो बंद करने के बाद अधिकारी द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे आहत होकर वे मौके पर ही वाहन के सामने धरने पर बैठ गए। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार और थाना प्रभारी अजय साहू मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद राहुलजीत सिंह ने सहायक खाद्य अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वहीं, सहायक खाद्य अधिकारी चम्पाकली दिवाकर की शिकायत पर राहुलजीत सिंह और वतन गुप्ता के खिलाफभारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में शासकीय कार्य में बाधा, जातिगत गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। थाना प्रभारी अजय साहू ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इस मामले पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अधिकारियों को अपने व्यवहार में संयम रखना चाहिए तथा आम जनता के साथ संवाद बेहतर बनाए रखना आवश्यक है। फ़िलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच में जुटी हुई है।

## प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने समय पर कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यो की प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यों में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैठक में विभागवार पूर्ण, अपूर्ण कार्यो की जानकारी प्राप्त की। सम्बंधित विभागों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डी.डी. मांडवी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक, ईद-रामनवमी व चैट्रीचंड सौहार्द से मनाने की अपील

**कोरिया बैकुंठपुर।** आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी और चैट्रीचंड को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टरेट सभाकक्ष में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समुदायों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने और असामाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। ध्वनि प्रदूषण और परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी जुलूस के लिए निर्धारित समय और रूटमैप का सख्ती से पालन कराने की बात कही गई। वहीं, नवरात्रि के दौरान सड़क किनारे खुले में मांस की बिक्री करने वाली दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारी, तहसीलदार और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन के तहत मरम्मत कार्य तेजी से जारी

**एमसीबी।** ग्रामीणों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासनिक प्रयास लगातार तेज़ हो रहे हैं। विकासखंड खड़गवा के ग्राम पंचायत छोटेसाल्ही अंतर्गत ग्राम छोटेसाल्ही में पंचायत भवन के पास निर्मित पेयजल परिसंपत्ति के हस्तांतरण से पूर्व आवश्यक मरम्मत कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह कार्य जल जीवन मिशन के तहत किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार के आदेशानुसार यह कार्य सहायक अभियंता ए.एस. सिदार और उप अभियंता मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला परियोजना समन्वयक टीम के रितेश डिक्सेना के सहयोग से कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

## खुरहा-चपका से बचाव हेतु सघन टीकाकरण अभियान शुरू

**कोरिया।** कोरिया जिला में गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को खुरहा-चपका रोग से बचाने के लिए सघन टीकाकरण अभियान की शुरुआत 15 मार्च से मिशन मोड में कर दी गई है। यह अभियान 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत जिले के सभी गांवों में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पशुधन विकास विभाग, बैकुन्ठपुर द्वारा टीकाकरण दलों का गठन किया गया है। इन दलों को आवश्यक टीकाद्रव्य एवं सामग्री उपलब्ध कराकर वाहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी द्वारा विगत दिनों दलों को हरी झंडी दिखाकर अभियान को गति दी गई। टीकाकरण से पूर्व पशुओं को कृमिनाशक दवा दी जा रही है तथा टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शीत-श्रृंखला का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों को भी अभियान में शामिल किया गया है।अभियान की निगरानी के लिए सभी टीकाकरण कार्यों की जानकारी भारत पशुधन ऐप में दर्ज की जा रही है। इसमें आधार आधारित ओटीपी एवं जियो टैग फेटो के माध्यम से प्रविष्टि अनिवार्य की गई है।

## स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर ग्राम पंचायत नगर, ग्राम मझगवां, वार्ड क्रमांक 07 चरचा एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सोनहत में आयोजित किए गए, जिनमें 250 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविरों का उद्देश्य आयुष सेवाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था।

## रामानुजगंज के पत्रकारों ने रायपुर में किया शासकीय कार्यक्रमों का अवलोकन, मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**बलरामपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पांच पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ शासन के आमंत्रण पर राजधानी रायपुर का दौरा किया। इस दौरान पत्रकारों ने विभिन्न शासकीय गतिविधियों का अवलोकन किया तथा राज्य की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल में संभागीय अधिमान्यता समिति के सदस्य सतीश गुप्ता, जिला अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार विकास केसरी, आफ्ताब आलम, वरिष्ठ पत्रकार धुरंधर तिवारी एवं अरुण सोनी शामिल थे। रायपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों ने जंगल सफारी सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इसके साथ ही उन्हें विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर भी प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें राज्य की विधायी प्रक्रिया को समझने का मौका मिला। इस दौरान पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनके साथ डिनर किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकारों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से मीडिया और शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है तथा जमीनी स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में मदद मिलती है।

## लेखा सह एमआईएस सहायक पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत विकासखंड स्तर पर लेखा सह एम.आई.एस. सहायक (अ.पि.व. मुक्त ङ्क 01) के स्वीकृत संविदा रिक्त पद की भर्ती हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय सायं 5 बजे तक अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया (छत्तीसगढ़) के पते पर भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सोनहत मंडल में भाजपा प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण





**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण वर्ग मंडल सोनहत में 17 मार्च को निर्धारित समय पर प्रारंभ किया गया।

वर्ग के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक कपिल जायसवाल, जिला सह-संयोजक शारदा गुप्ता, सह-संयोजक पुष्पलता राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री प्रेम प्रकाश पांडे तथा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े सहित वर्ग प्रभारी श्रीमती शिवकुमारी सोनपाकर एवं आशा देवी सोनपाकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में दो सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विषय-प्रतिपादन शारदा गुप्ता एवं श्रीमती पुष्पलता राजवाड़े द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस में बसंत राय, तीरथ राजवाड़े, गौकरण शुक्ला , जगदीश साहू द्वारा विषय प्रस्तुति दी गई तथा अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोहित पैकरा ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया।

इस प्रशिक्षण वर्ग में सोनहत मंडल के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चाओं के अध्यक्ष-महामंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य तथा जिले के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। वर्ग में कुल 125 कार्यकर्ताओं ने पंजीयन कर विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, सांस्कृतिक मूल्य, राष्ट्रवाद, संगठन के अनुशासन तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# बाल मधुमेह और बच्चों का स्वस्थ भविष्य-जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** बच्चों में बढ़ते मधुमेह, विशेषकर टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 16-19 मार्च को एक दिवसीय (चार सत्रों में) उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO), महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, SPS तथा जिला समन्वयक (मितानिन) सहित कुल 292 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज के प्रभाव, लक्षणों की शीघ्र पहचान, समयानुकूल उपचार एवं समग्र प्रबंधन के



संबंध में तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे समुदाय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान निम्न प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई: टाइप-1 डायबिटीज की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन, परामर्श (काउंसलिंग) एवं रोगी सहायता समूहों की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता रणनीतियाँ, मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग का महत्व। प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों एवं अनुभव साझा करते हुए विषय की गहन समझ विकसित की, जिससे भविष्य में बेहतर रोगी देखभाल की संभावनाएँ मजबूत हुईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम बताया। प्रशिक्षण का संचालन यूनिसेफ की टीम द्वारा, स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के समन्वित प्रयासों से आयोजित इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही, जो निकट भविष्य में बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर जिला स्तर के विभिन्न अधिकारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिनमें सिविल सर्जन डॉ. राजेंद्र रॉय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनीत, जिला नोडल अधिकारी (गैर-संचारी रोग) डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, जिला सहायक नोडल सलाहकार (NCD) अवनीश पांडे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल, वीरेन्द्र साहो शामिल रहे। कार्यक्रम की निरंतरता में आगामी माह में विभिन्न प्रशिक्षण और सामाजिक शिविर, स्क्रीनिंग शिविर गैर संचारी रोगों पर आयोजित किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बाल मधुमेह की समय पर पहचान एवं प्रबंधन सुनिश्चित कर बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की जा सकेगी।

